दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली शुक्रवार 05 जून-2026 ● वर्ष : 11 अंक : 162 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# मुजफ्फरपुर अग्निकांड में 4 लोगों की दर्दनाक मौत

## सीएम सम्राट चौधरी ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख मुआवजे का एलान

**पटना।** मुजफ्फरपुर के ब्रह्मपुरा इलाके में स्थित प्रसाद हॉस्पिटल में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। आग अस्पताल की पांचवीं मंजिल पर बने आईसीयू वार्ड में शुरू हुई और तेजी से फैल गई।आग के साथ पूरे अस्पताल में घना धुआं भर गया, जिससे मरीज और उनके परिजनों में भगदड़ मच गई।

लोग डर के मारे चीखने लगे।इस हादसे में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही 30 से ज्यादा मरीज गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घायलों को बचाकर दूसरे अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।




**सीएम सम्राट में प्रकट की शोक**

**संवेदना :** वहीं इस हादसे पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शोक संवेदना प्रकट की है। साथ ही उन्होंने इस हादसे में मारे में मरीजों के आश्रितों के लिए मुआवजे का एलान किया है।

सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में आग लगने से चार व्यक्तियों की मृत्यु अत्यंत दुःखद है। शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस कठिन समय में संबल दें।

**4-4 लाख रुपये मुआवजे का एलान :** इसके साथ ही उन्होंने लिखा मृतकों के परिजनों को अविलंब 4-4 लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है तथा घायलों के उपचार हेतु सदर अस्पतालों में समुचित व्यवस्था की गई है।

शेष, पृष्ठ 2

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस का कड़ा प्रहार

# खोड़ा क्षेत्र को लेकर झूठी और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर हुआ मुकदमा दर्ज

**सख्ती**

**एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव बोले, अफवाह फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा**

**गाजियाबाद,करंट क्राइम :** सोशल मीडिया के माध्यम से झूठी और भड़काऊ सूचनाएं फैलाकर सामाजिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध गाजियाबाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है।

थाना खोडा क्षेत्र से संबंधित एक भ्रामक सूचना प्रसारित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार की रात्रि लगभग 8 बजकर 4 मिनट पर एक सोशल मीडिया मंच पर संचालित खाते द्वारा खोडा क्षेत्र के संबंध में पूरी तरह असत्य, भ्रामक एवं सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने के उद्देश्य से एक संदेश प्रसारित किया गया। इसमें धार्मिक स्थल को क्षतिग्रस्त करने तथा नागरिकों पर गोली चलाने जैसी मनगढ़ंत और तथ्यहीन बातें लिखी गई थीं। पुलिस द्वारा तत्काल जांच कराई गई, जिसमें उक्त सूचना पूरी तरह झूठी और निराधार पाई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध थाना खोडा में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।






"सोशल मीडिया पर झूठी और भ्रामक सूचनाएं फैलाकर समाज में वैमनस्य पैदा करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आमजन किसी भी अपुष्ट सूचना पर विश्वास न करें और न ही उसे आगे प्रसारित करें।

— **अभिषेक श्रीवास्तव,** एसीपी इंदिरापुरम

## खोड़ा सहित पूरे कमिश्नरेट में स्थिति सामान्य



करंट क्राइम : एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि खोडा क्षेत्र सहित पूरे गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में कानून व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया संदेश पूरी तरह काल्पनिक और असत्य है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई है। पुलिस लगातार ऐसे सामाजिक माध्यम खातों और समूहों की निगरानी कर रही है जो अफवाह, भ्रम या सांप्रदायिक तनाव फैलाने वाली सामग्री का प्रसार कर रहे हैं। बिना सत्यापन के ऐसे संदेशों को आगे भेजने वालों के विरुद्ध भी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है। गाजियाबाद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अपुष्ट सूचना, वीडियो अथवा संदेश पर विश्वास न करें। किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांच लें। शांति, सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा अफवाहों से दूर रहें।

# परिवार को मिलेगा शस्त्र लाइसेंस, घर पर तैनात होंगे सुरक्षाकर्मी : नरेंद्र कश्यप

## मंत्री नरेंद्र कश्यप ने परिजनों से की मुलाकात, डीएम और पुलिस आयुक्त को दिए निर्देश



**सूर्या हत्याकांड**

**प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधि लगातार पहुंच रहे परिवार के घर**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** खोड़ा क्षेत्र के चर्चित सूर्या चौहान हत्याकांड को लेकर प्रदेश भर में चर्चा का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद से लगातार सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक और विभिन्न जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार से मुलाकात कर रहे हैं।

इसी क्रम में गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने शोक संतप्त परिवार के साथ बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान सूर्या की माता ने परिवार की सुरक्षा और भविष्य को लेकर अपनी चिंताएं मंत्री के सामने रखीं। मंत्री ने तत्काल मौके से ही जिलाधिकारी गाजियाबाद और पुलिस आयुक्त से फोन पर बातकर परिवार की मांगों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने जिलाधिकारी को परिवार के एक सदस्य को प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए, वहीं पुलिस आयुक्त को परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए घर पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस दुख की घड़ी में पूरी तरह परिवार के साथ खड़ी है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### न्याय की मांग को लेकर सक्रिय हैं सामाजिक और हिंदूवादी संगठन





**प्रशासन और पुलिस पर पूरे प्रदेश की नजर**

करंट क्राइम : सूर्या हत्याकांड अब केवल एक आपराधिक घटना नहीं रह गया है, बल्कि यह प्रदेश स्तर का चर्चित मामला बन चुका है। राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों की सक्रियता के चलते प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई पर भी सभी की नजरें टिकी हुई हैं। प्रदेश सरकार ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि मामले में किसी भी दोषी को राहत नहीं मिलेगी और पीड़ित परिवार की सुरक्षा तथा न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

### यह योगी सरकार है, अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं

करंट क्राइम : मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह दिनदहाड़े सूर्या चौहान की नृशंस हत्या की गई, उसने पूरे समाज को झकझोर दिया है। ऐसे अपराध करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होना आवश्यक है और पुलिस उसी दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने खोड़ा क्षेत्र में चल रहे पुलिस अभियान की भी सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिससे कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। बता दें कि बकरीद के दिन खोड़ा क्षेत्र में सूर्या चौहान की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद पूरे इलाके में भारी आक्रोश फैल गया था। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने भी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। मामला लगातार राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना के बाद से प्रदेश सरकार के कई मंत्री, सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार से मुलाकात कर चुके हैं। वहीं विभिन्न हिंदूवादी संगठन भी लगातार परिवार के संपर्क में हैं और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। परिवार को न्याय दिलाने को लेकर क्षेत्र में लगातार बैठकों, प्रतिनिधिमंडलों और जनसंपर्क कार्यक्रमों का दौर जारी है।

# एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव का हुआ रामपुर व रितेश त्रिपाठी का मेरठ तबादला

**ट्रांसफर**

**शामली से आए अमनवीर मौर्य और मेरठ से शुचिता सिंह, जल्द मिलेगी तैनाती**







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में गुरुवार को जारी तबादला सूची में गाजियाबाद के दो एसीपी का स्थानांतरण कर उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। वहीं उनकी जगह दो नए अधिकारियों की तैनाती गाजियाबाद में की गई है। तबादला आदेश के अनुसार, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव का स्थानांतरण रामपुर में उपाधीक्षक पद पर किया गया है। वहीं रितेश त्रिपाठी को मेरठ भेजा गया है, जहां उन्हें पुलिस उपाधीक्षक एसीओ सेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गाजियाबाद में दोनों अधिकारियों का कार्यकाल काफी चर्चित और महत्वपूर्ण रहा है। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने कविनगर और इंदिरापुरम जैसे अहम सर्किलों में कानून-व्यवस्था संभालते हुए कई महत्वपूर्ण अभियानों का नेतृत्व किया। वहीं रितेश त्रिपाठी ने कविनगर, घंटाघर, कोतवाली, साहिबाबाद व एसीपी ट्रैफिक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए अपनी प्रशासनिक क्षमता का परिचय दिया। दोनों अधिकारियों के स्थान पर शामली से अमनवीर मौर्य और मेरठ से सुचिता सिंह को गाजियाबाद में नई तैनाती दी गई है। पुलिस महकमे में हुए इस फेरबदल को प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लंबे समय तक जिले में सेवाएं देने वाले दोनों अधिकारियों की कार्यशैली और अपराध नियंत्रण को लेकर किए गए प्रयासों की चर्चा पुलिस विभाग के साथ-साथ आम जनता के बीच भी रही है।

# आंधी-तूफान के बीच अलर्ट मोड में दिखा नगर निगम, गिरे पेड़ हटाकर यातायात कराया सुचारु

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को अचानक आई तेज आंधी-तूफान और बारिश के बीच गाजियाबाद नगर निगम की टीमें पूरी तरह अलर्ट रहीं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर जलकल, उद्यान, स्वास्थ्य और प्रकाश विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ सड़कों पर उतरे और व्यवस्था संभाली। तेज हवाओं के कारण इंदिरापुरम के वैभव खंड, सिटी जोन, कवि नगर, शास्त्री नगर, राजनगर, विवेकानंद नगर और तहसील क्षेत्र सहित कई स्थानों पर पेड़ गिरने की सूचना मिली।



उद्यान विभाग ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मशीनों और उपकरणों की मदद से गिरे हुए वृक्षों को हटाया, जिससे यातायात सुचारू बना रहा। संभावित जलभराव को देखते हुए जलकल विभाग की टीम ने चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में पंप सेट लगाकर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की। निगम की तत्परता के चलते शहर में कहीं भी गंभीर जलभराव की स्थिति नहीं बनी। नगर आयुक्त ने रात्रि में भी मौसम को देखते हुए सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज तथा महाप्रबंधक जलकल कामाख्या प्रसाद आनंद को अपनी टीमों के साथ लगातार निगरानी बनाए रखने को कहा गया। नगर निगम की त्वरित कार्रवाई की शहरवासियों ने सराहना की।



नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
02 | शुक्रवार • 05 जून -2026








# आग से अस्पताल में हाहाकार, 5 मरीजों की मौत

## प्रसाद हॉस्पिटल के आईसीयू वार्ड में 'शॉर्ट सर्किट', 20 से ज्यादा मरीज झुलसे

### शॉर्ट सर्किट माना जा रहा आग की वजह

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। ब्रह्मपुरा इलाका स्थित 'प्रसाद हॉस्पिटल' में सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग अस्पताल की पांचवीं मंजिल पर स्थित आईसीयू वार्ड में लगी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग के कारण पूरे अस्पताल भवन में घना धुआं फैल गया, जिससे मरीजों और उनके तीमारदारों के बीच अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

इस दर्दनाक हादसे में अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 20 से अधिक मरीज गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घायलों को रेस्क्यू कर इलाज के लिए अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

**इन मरीजों की हुई मौत :** शशांक कुमार, गीता देवी, उदय कुमार,कृष्ण नंदन, चंचला कुमारी।

विशंभरपुर शिवहर के रहने वाले उदय कुमार चार दिन से अस्पातल में भर्ती थे। ब्रेन सर्जरी होने के बाद आईसीयू में थे। इनसे मिलने पत्नी नीलू देवी, सास बच्ची देवी, बेटा सत्यम, बेटी आकांक्षा अस्पताल में थीं। साला नीतीश भी था। सभी लोग साथ में थे। शोर होने पर जानकारी मिली, लेकिन जब तक पहुंचे, तब तक उदय कुमार की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की लगभग एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अग्निशमन कर्मियों ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और अस्पताल के विभिन्न वार्डों में फंसे मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास किया। आईसीयू में मौजूद मरीजों को बाहर निकालने के लिए राहत एवं बचाव दल को काफी मशक्कत करनी पड़ी। देखते ही देखते जहरीला धुआं पूरे अस्पताल में फैल गया, जिससे कई मरीजों की हालत और गंभीर हो गई। कई मरीजों को खिड़कियां और दरवाजे तोड़कर बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें आसपास के सुरक्षित अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने अस्पताल परिसर को अपने कब्जे में लेकर साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद अस्पताल प्रशासन की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मृतकों और घायलों के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

कई परिजनों का कहना है कि आग लगने के बाद अस्पताल के चिकित्सक और कर्मचारी मरीजों को उनके हाल पर छोड़कर वहां से चले गए।




### परिजनों का गंभीर आरोप, अस्पताल प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की मदद नहीं की गई, प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा

### अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

#### आईसीयू वार्ड धुएं से भर गया था- दमकल कर्मी

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, सुबह करीब तीन बजे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। जब दमकल की टीम अस्पताल पहुंची तो आईसीयू वार्ड पूरी तरह धुएं से भरा हुआ था।
बचाव अभियान के दौरान कई मरीजों को गंभीर स्थिति में बाहर निकाला गया। अधिकारियों का कहना है कि राहत कार्य के दौरान 20 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया, हालांकि कई मरीजों की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## मालवीय नगर अग्निकांड : आरोपी होटल मालिक लवकेश बजाज चार दिन की पुलिस कस्टडी में

### दिल्ली सरकार ने किया 10 लाख रुपये अनुग्रह राशि देने का ऐलान

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अस्पताल में घायलों से की मुलाकात





**21**
**मौतें, 6 वेंटिलेटर पर 15 मरीज अभी भी भर्ती -मैक्स अस्पताल**

### लवकेश ने पूछताछ में किया नया खुलासा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर में हुए होटल अग्निकांड में 21 लोगों की मौत हो गई। जो लोग घायल हुए हैं उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं आज मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अस्पताल पहुंची हैं। जहां उन्होंने घायलों से मुलाकात की। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। यह प्राथमिकी भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई है। मालवीय नगर अग्निकांड के आरोपी होटल मालिक लवकेश बजाज को चार दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया।

**होटल मालिक की कोर्ट में पेशी :** होटल फ्लोरिश स्टे के मालिक लवकेश बजाज को साकेत कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस कोर्ट से 5 दिन की कस्टोडियल रिमांड की मांग कर सकती है, ताकि मामले की गहन जांच की जा सके।

**नया खुलासा, एनओसी नहीं थी :** मालवीय नगर में हुए भीषण आग के मामले में गिरफ्तार होटल मालिक लवकेश बजाज ने दिल्ली पुलिस को बताया कि वह होटल का सीधे प्रबंधन नहीं करते थे। उन्होंने दैनिक कामकाज, बिलिंग, अकाउंट्स और पूरी व्यवस्था दूसरे व्यक्ति को सौंप रखी थी। लवकेश बजाज ने पूछताछ में यह भी कहा कि होटल में कमरों के साइज बढ़ाने समेत अन्य संरचनात्मक बदलाव भी उसी व्यक्ति ने सुझाए थे।
बजाज ने पुलिस को बताया कि बदलाव करने वाले व्यक्ति ने उन्हें आश्वासन दिया था कि दिल्ली में ऐसा सब कुछ चलता रहता है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि होटल में फायर एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) नहीं था। पुलिस अब बिजली विभाग और अन्य एजेंसियों से रिकॉर्ड की जांच कर रही है। साथ ही लवकेश बजाज की अन्य प्रॉपर्टीज की भी जांच की जा रही है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को पांच लाख रुपये की सहायता मिलेगी। मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। ये व्यवस्थाएं पीड़ितों को राहत प्रदान करने के लिए की जा रही हैं। सरकार ने सभी आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गुरुवार को मालवीय नगर अग्निकांड के घायलों को देखने मैक्स अस्पताल, साकेत पहुंचीं। उन्होंने घायलों व उनके परिजनों से मुलाकात की, इलाज की जानकारी ली और अधिकारियों को हर संभव मदद मुहैया कराने के निर्देश दिए।

## दिल्ली में पांच माह में 46 मौतें, हर बार हादसों के बाद ही क्यों जागता है सिस्टम?

### हर साल इसी प्रकार दोहराई जा रही त्रासदी

**नई दिल्ली।** राजधानी में पिछले पांच महीनों के भीतर आग लगने की तीन बड़ी घटनाओं में 40 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं इमारत गिरने की घटनाओं में छह लोगों की मौत हुई यानी 46 लोगों ने इस तरह की घटनाओं में जान गंवाई। हर हादसे के बाद सरकार, प्रशासन और संबंधित एजेंसियों की ओर से एक तयशुदा प्रतिक्रिया सामने आती है-फायर ऑडिट होगा, दोषियों पर कार्रवाई होगी, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा होगी। वादे चलते रहते हैं, जांच चलती रहती है...फिर कोई नई त्रासदी यह सवाल छोड़ जाती है कि आखिर इन घोषणाओं का नतीजा कहां है?



**03 मई 2026:** विवेक विहार की चार मंजिला इमारत में आग, 9 लोगों की मौत।

**18 मार्च 2026:** पालम अग्निकांड में एक परिवार के 9 लोगों की मौत।

**29 नवंबर 2025:** तिगड़ी की चार मंजिला इमारत में आग, 4 लोगों की मौत।

**25 मई 2024:** विवेक विहार के बेबी केयर अस्पताल में आग, 7 नवजातों की मौत।

**15 फरवरी 2024:** अलीपुर की पेंट फैक्टरी में आग, 11 लोगों की मौत।

**13 मई 2022:** मुंडका कॉमर्शियल बिल्डिंग अग्निकांड, 27 लोगों की मौत।

**2 फरवरी 2019:** करोल बाग के होटल अर्पित पैलेस में आग, 17 लोगों की मौत।

**08 दिसंबर 2019:** अनाज मंडी अग्निकांड में 43 लोगों की मौत।

**20 जनवरी 2018:** बवाना फैक्टरी अग्निकांड में 17 लोगों की मौत।

**20 नवंबर 2011:** नंद नगरी कम्युनिटी हॉल में लगी आग, 14 लोगों की मौत।

**13 जून 1997:** उपहार सिनेमा अग्निकांड में 59 लोगों की मौत।

## मौसम ने ली अंगड़ाई, दिल्ली-एनसीआर में बारिश आई

### तेज आंधी-बारिश से दिन में ही छाया अंधेरा, तापमान में गिरावट दर्ज

#### गुरुवार देर रात तेज बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। दोपहर के समय आसमान पर घने बादल छा गए और कई इलाकों में ऐसा नजारा देखने को मिला मानो शाम हो गई हो। तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी और गरज-चमक की आशंका के बीच लोगों को मोबाइल पर मौसम विभाग की चेतावनी भी मिली, जिसमें अगले तीन घंटों के दौरान खराब मौसम की संभावना जताई गई है।

भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को इस बदलाव से राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन मौसम विभाग ने सावधानी बरतने की सलाह भी दी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) के अनुसार दिल्ली-ठउफके कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश, बिजली चमकने और 70 किमी प्रति घंटा या उससे अधिक रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।




दिल्ली-एनसीआर में मौसम के बदले मिजाज का असर तापमान पर भी साफ दिखाई देगा। मौसम विभाग के अनुसार बारिश, बादलों और तेज हवाओं के चलते अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 27 से 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमन है। यह जून की गर्मी की तुलना में कम है और पिछले हफ्ते दर्ज किए गए 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के स्तर से करीब 5 से 7 डिग्री तक की राहत दे सकता है। ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक शुक्रवार को भी दिल्ली-एनसीआर में आसमान में बादल छाए रहेंगे। दिनभर बीच-बीच में हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना है। कई इलाकों में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंके चल सकते हैं।

**देर रात तेज बारिश हो सकती है :** पूर्वानुमान के अनुसार गुरुवार देर रात और शुक्रवार तड़के दिल्ली के कई हिस्सों में एक और दौर की बारिश देखने को मिल सकता है।

## दिल्ली होटल अग्निकांड के बाद जागी यूपी सरकार

### सीएम का कड़ा फरमान, होटलों और बिल्डिंगों का होगा गहन निरीक्षण

#### विशेष सुरक्षा अभियान चलाने के कड़े निर्देश

**नई दिल्ली/लखनऊ।** दिल्ली के मालवीय नगर में हुए अग्निकांड के मामले को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से राज्य में एक विशेष सुरक्षा अभियान चलाने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। सीएम योगी ने प्रदेश की सभी बहुमंजिला इमारतों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में आग से सुरक्षा के इंतजामों को पुख्ता करने के लिए कहा है।

**संयुक्त विभागों को अभियान चलाने की जिम्मेदारी :** मुख्यमंत्री ने इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राज्य के विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत निम्नलिखित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है: विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश पुलिस, लोक निर्माण विभाग, अग्निशमन विभाग।




### बिल्डिंगों का गहन निरीक्षण और सुरक्षा प्रणाली मजबूत करने पर जोर

सीएम योगी आदित्यनाथ ने साफ तौर पर निर्देश दिया है कि राज्य की सभी प्रमुख और संदिग्ध बिल्डिंगों का पूरी तरह से गहन निरीक्षण किया जाए।

**अग्नि सुरक्षा प्रणालियों की जांच:** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सभी इमारतों में अग्नि सुरक्षा प्रणालियों की स्थिति को परखा जाए और जहाँ भी कमी हो, उन्हें तत्काल मजबूत किया जाए।

#### होटलों का होगा विशेष निरीक्षण

**अग्निशमन अफसरों को कड़े निर्देश:** इस संबंध में सीएम ने अग्निशमन विभाग के आला अफसरों को फील्ड पर उतरकर सुरक्षा मानकों की कड़ाई से जांच करने के आदेश दिए हैं।

आग की घटनाओं को रोकने और जनहानि से बचने के लिए मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से व्यावसायिक स्थलों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश के होटलों का विशेष निरीक्षण किया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वहाँ आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए फायर सेफ्टी के सभी तय मानकों का पालन किया जा रहा है या नहीं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 05 जून -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर 5 से 21 जून तक चलेगा जन-जागरूकता अभियान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून 2026 तक प्रदेशभर में सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान थीम पर जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसकी जानकारी उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री तथा गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अभियान के सभी कार्यक्रम सादगी, अनुशासन, ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी को केंद्र में रखकर आयोजित किए जाएंगे। अभियान की शुरूआत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान से होगी। इसके तहत अमृत सरोवरों, तालाबों, सड़कों, नदियों और नहरों के किनारे पौधारोपण तथा सिटी फॉरेस्ट विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 8 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। 14 से 16 जून तक जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों में आयुष्मान कार्ड, किसान योजनाएं, पेंशन योजनाएं व स्वास्थ्य परीक्षण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### 16 और 17 जून को होगा विकसित भारत संकल्प सम्मेलन

करंट क्राइम : 16 और 17 जून को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें युवाओं, किसानों, उद्यमियों, शिक्षकों और विशेषज्ञों के साथ विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के विजन पर संवाद किया जाएगा। 17 से 20 जून तक विकास प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों, ओडीओपी उत्पादों, औद्योगिक विकास, आधारभूत संरचना और कानून-व्यवस्था में हुए सुधारों को प्रदर्शित किया जाएगा। 18 और 19 जून को प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं में किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, जीवामृत, बीजामृत तथा जल संरक्षण आधारित खेती के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भी रहेगा खास

करंट क्राइम : इस अभियान का समापन 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रमों के साथ होगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अभियान अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चौपाल और रात्रि विश्राम कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जन शिकायतों के निस्तारण के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा।

## प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने निगम गौशाला का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं की सराहना



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को गाजियाबाद नगर निगम की गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौपूजन कर गोवंशों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया तथा गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर सुनीता दयाल, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज, पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. आशीष त्रिपाठी सहित निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर ने प्रभारी मंत्री का स्वागत कर उन्हें गौ माता का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। प्रभारी मंत्री ने गौशाला परिसर में स्थापित प्राकृतिक पेंट निर्माण इकाई का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने उन्हें गोबर से बनाए जा रहे उत्पादों और प्राकृतिक पेंट निर्माण की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। मंत्री ने इस नवाचार की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि महापौर एवं नगर आयुक्त के निर्देशों के अनुसार वर्तमान में गौशाला में 1,825 गोवंशों का संरक्षण किया जा रहा है, जिनमें 900 नंदी और 925 गायें शामिल हैं। बढ़ती संख्या को देखते हुए गौशाला के विस्तार का कार्य भी किया जा रहा है तथा गोवंशों के लिए आवास, चारा और स्वास्थ्य संबंधी सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित की गई हैं। प्रभारी मंत्री ने गौशाला में कार्यरत गौसेवकों से भी संवाद किया। उन्हें बताया गया कि गौसेवकों का वेतन सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जाता है। इस पर संतोष व्यक्त करते हुए मंत्री ने निर्देश दिए कि गौसेवकों के परिवारों के कल्याण और सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के अंत में धर्मपाल सिंह ने नगर निगम द्वारा संचालित गौशाला की व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महापौर एवं अधिकारियों को गोसंरक्षण और जनजागरूकता के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## क्या क्षेत्रीय अध्यक्ष वाली दावेदारी में आ गया रिश्तेदारी कनेक्शन भगवा गढ़ के किस जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार की मिल रही है लोकेशन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रदेश वाली टीम घोषित होनी है और इस सीन के साथ ही क्षेत्रीय अध्यक्ष का नाम भी घोषित हो जायेगा। कई नाम चर्चा में चल रहे हैं और एक चर्चा ये भी है कि यहां रिपीट वाला सीन हो सकता है। एक चर्चा ओबीसी कार्ड को लेकर है और पड़ोस वाले जिले से नाम चल रहा है। जबतक नाम घोषित नहीं हो जाता तब तक कयास वाला सीन रहेगा। फिलहाल एक नई चर्चा ने दावेदारी के सीन में नया ट्विस्ट ला दिया है। सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद के एक जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार का नाम इस सीन में आ गया है। बताया जाता है कि रिश्तेदार सरकार में नहीं है, लेकिन संगठन वाला दायित्व संभाल चुके हैं। ये नाम कहां से चला है और अचानक से ही चर्चा में नहीं आया है।

सूत्र बताते हैं कि इस नाम का कनेक्शन 2027 के इलेक्शन से भी जोड़कर माना जा रहा है। अगर ये नाम आता है तो गाजियाबाद के एक टिकट पर बिरादरी फैक्टर वाला ट्रैक्टर चल जाएगा। फिलहाल अलग-अलग दावे हैं और इंतजार सभी को हो रहा है। रिश्तेदारी के इस नये कनेक्शन ने कई दावेदारों को भी टेंशन दे दी है। क्षेत्रीय अध्यक्ष की दौड़ में ये नाम ऐसे ही शामिल नहीं हुआ है। सूत्र बताते हैं कि एक बड़े पदाधिकारी से भी इस दावेदारी के तार जुड़े हैं। फिलहाल सभी अपनी-अपनी दावेदारी को मजबूत कर रहे हैं। सभी को नाम घोषित होने का इंतजार है। और कसका नाम आयेगा ये समय ही बताएगा।

## कनावनी के मदरसे पर कार्रवाई की तैयारी, जल्द सीलिंग की संभावना




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जिले में अवैध मदरसों के खिलाफ चल रही प्रशासनिक कार्रवाई का दायरा लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। खोडा, डासना और लोनी क्षेत्र में हुई कार्रवाई के बाद अब इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनावनी स्थित जामिया कुल्फा-ए-राशिदीन ट्रस्ट से संचालित मदरसा भी जांच के दायरे में आ गया है। सूत्रों के अनुसार, प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा मदरसे के दस्तावेजों व मानकों की जांच की जा रही है। अनियमितताएं मिलने पर सीलिंग जैसी कार्रवाई की जा सकती है। यह वही मदरसा है, जिसके दो छात्र कुछ दिन पहले हिंडन नदी में संदिग्ध मांस फेंकते हुए पकड़े गए थे। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। मौके पर पहुंचीं महापौर सुनीता दयाल ने छात्रों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। मामले में मांस के प्रकार को लेकर विभिन्न दावे किए गए, जिसकी जांच पुलिस और संबंधित विभागों द्वारा की जा रही है। इंदिरापुरम पुलिस ने घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर एक मौलवी को गिरफ्तार किया था, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश जारी है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मामले की जांच के साथ-साथ मदरसे की वैधता और संचालन संबंधी दस्तावेजों की भी पड़ताल की जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार शुक्रवार के बाद किसी भी समय जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि, अभी तक प्रशासन की ओर से मदरसे को सील करने संबंधी कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया है।


## शुक्रवार को लेकर कमिश्नरेट पुलिस हाई अलर्ट पर, संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च

### डीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारी रहेंगे ऑन द फील्ड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को जुमे की नमाज के मद्देनजर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट पूरी तरह हाई अलर्ट मोड पर रहेगी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाह या अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस द्वारा विभिन्न सर्किलों में फ्लैग मार्च और पैदल गश्त की जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार इंदिरापुरम सर्किल के खोड़ा क्षेत्र में विशेष फ्लैग मार्च निकाला जाएगा। इसके अलावा डासना, मसूरी, लोनी, घंटाघर, कोतवाली नगर, साहिबाबाद के शहीद नगर समेत कई संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की विशेष निगरानी रहेगी। बता दें कि हाल के दिनों में कुछ मदरसों और मस्जिदों से जुड़े मामलों में पुलिस की कार्रवाई, सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत की गई है। पुलिस प्रशासन किसी भी भड़काऊ पोस्ट, अफवाह या सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश पर कड़ी नजर रखे हुए है। शुक्रवार को पुलिस टीमें पैदल मार्च के साथ-साथ ड्रोन कैमरों और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के माध्यम से भी निगरानी करेंगी। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा और खुफिया इकाइयों को भी सक्रिय किया गया है। एडिशनल सीपी कानून एवं व्यवस्था राजकरन नैय्यर ने कहा कि पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। पुलिस का उद्देश्य आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं संग की बैठक, दिया संगठन सर्वोपरि का मंत्र







**परिचय बैठक**

**नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन को और मजबूत बनाएं : धर्मपाल सिंह**

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा में गुरुवर को भाजपा की परिचय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने कार्यकताओं को संगठन सर्वोपरि के मूल मंत्र के साथ बूथ प्रबंधन, संगठन विस्तार, जनसंपर्क व आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन को और मजबूत बनाएं। हर बूथ पर पार्टी को सशक्त करना ही जीत की कुंजी है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए 5 जून से 21 जून तक चलने वाले 12 साल विकास के, विश्वास के, जनकल्याण के अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाएं। मयंक गोयल ने प्रभारी मंत्री को विश्वास दिलाया कि गाजियाबाद महानगर संगठन अपने सभी 2,244 बूथों एवं 362 सेक्टरों पर अभियान को प्रभावी रूप से चलाएगा। मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और जनकल्याण के कार्यों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में सभी कार्यकताओं ने पूर्ण समर्पण व सक्रियता से अभियान सफल बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर महानगर महामंत्री गौरव चोपड़ा, प्रदीप चौहान, पंकज भारद्वाज, महानगर उपाध्यक्ष, सचिन टेढ़ा, राजन आर्य विनोद कसाना रनीता सिंह, महेंद्र यादव, विनोद कसाना, मीडिया संयोजक नीरज शर्मा, मंत्री आशीष चौधरी राम त्यागी, प्रीति चंद्र राय,संजय कश्यप रुचि गर्ग नवनीत मित्तल अनीता शर्मा, पुष्पेंद्र गुप्ता हेमंत त्यागी, विनीत त्यागी, देवेंद्र यादव, जीतू राय सुधीर त्यागी मंजुला गुप्ता नीरज रावल सुषमा गंगवार सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष व प्रभारी मौजूद रहे।

## गाजियाबाद पहुंचने पर प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

### पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पर ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से हुआ अभिनंदन

**स्वागत सत्कार**

**प्रभारी मंत्री के आगमन के दौरान पूरे परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल रहा**






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह के गाजियाबाद महानगर में प्रथम आगमन पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने संगठन की मजबूती और उत्साह का प्रदर्शन किया।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और फूल-मालाओं के साथ प्रभारी मंत्री के स्वागत के लिए पहुंचे। महानगर के सभी 20 मंडलों के अध्यक्ष, विभिन्न मोर्चों, प्रकोष्ठों एवं प्रकल्पों के पदाधिकारी तथा पार्टी कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका अभिनंदन किया। प्रभारी मंत्री के आगमन के दौरान पूरे परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। कार्यकर्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के समर्थन में नारे लगाए और संगठनात्मक एकजुटता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में जनपद में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य तेज होगा। महानगर महामंत्री गौरव चोपड़ा, प्रदीप चौहान, पंकज भारद्वाज, राजन वाल्मीकि, सचिन डेढ़ा, रनीता सिंह, प्रीति चंद्र राय, अनीता शर्मा, भानु सिसोदिया, विनोद कसाना, राम त्यागी एवं मीडिया प्रभारी नीरज शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ओंकार सिंह हत्याकांड: 17 आरोपी गिरफ्तार

### 5000 किलोमीटर तक तलाश के बाद भी नहीं मिला मृतक का शव

**मर्डर**

**लोनी पुलिस ने 5 और आरोपियों को दबोचा**

**डीसीपी ग्रामीण और मुखिया गुर्जर की नोक झोंक का वीडियो वायरल**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी के चर्चित ओंकार सिंह हत्याकांड एवं अपहरण प्रकरण में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। मामले में अब तक कुल 17 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि कई मुख्य आरोपी अभी भी फरार हैं। घटना के खुलासे और शव की बरामदगी के लिए पुलिस की टीमें विभिन्न राज्यों में करीब 5000 किलोमीटर तक दबिश और तलाश अभियान चला चुकी हैं, लेकिन ओंकार सिंह का शव अभी तक बरामद नहीं हो सका है। 30 मई को लोनी थाना क्षेत्र के गनौली गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र राममेहर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि गौरव, सौरभ उर्फ डोल, गोपाल, मोहित समेत अन्य लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते ओंकार सिंह को गोली मारने के बाद उसका अपहरण कर लिया था। विवेचना के दौरान कई अन्य लोगों की संलिप्तता भी सामने आई। लोनी पुलिस ने पहले कार्रवाई करते हुए विदेंद्र, आजाद और अजब सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वहीं गुरुवार को पुलिस ने फरार आरोपियों को संरक्षण देने के आरोप में संदीप जाटी, संदीप कुमार, राहुल जाटी, सुमित और अमित को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते विरोधी पक्ष से बदला लेने की बात स्वीकार की है।

### 50 हजार के आरोपी भी फरार

करंट क्राइम : पुलिस के अनुसार मामले के मुख्य आरोपी गौरव, सौरभ उर्फ डोल, गोपाल, गौरव निवासी बादलपुर और मोहित पंडित अभी भी फरार हैं। इन सभी पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। इस बीच ओंकार सिंह की बरामदगी को लेकर चल रहे धरना-प्रदर्शन के दौरान डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी और किसान नेता के बीच हुई तीखी नोकझोंक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। मामले को लेकर क्षेत्र में लगातार जनदबाव बना हुआ है। एडिशनल सीपी का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश और शव बरामदगी के लिए विशेष टीमें लगातार काम कर रही हैं। जल्द ही मामले में बड़ा खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### धरना स्थल पर डीसीपी ग्रामीण और मुखिया गुर्जर के बीच तीखी नोकझोंक



करंट क्राइम : ओंकार सिंह हत्याकांड में शव बरामदगी की मांग को लेकर चल रहे धरना-प्रदर्शन के दौरान उस समय माहौल गरमा गया, जब डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी आंदोलनकारियों से बातचीत करने पहुंचे। इस दौरान किसान नेता मुखिया गुर्जर और डीसीपी ग्रामीण के बीच तीखी बहस हो गई। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार आंदोलनकारियों ने पुलिस जांच और शव बरामदगी में हो रही देरी पर नाराजगी जताई, जबकि पुलिस अधिकारियों ने चल रही कार्रवाई की जानकारी दी। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखे शब्दों का आदान-प्रदान हुआ, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद यह घटनाक्रम पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## संपादकीय

# होटल हादसे ने झकझोरा

दिल्ली के मालवीय नगर इलाके के एक होटल में लगी भीषण आग का है, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई। इससे पहले विवेक विहार में लगी आग में नौ लोगों की जान चली गई थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस साल आग लगने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। इन हादसों से बार-बार महानगर के बुनियादी ढांचे, विद्युत प्रणालियों और सुरक्षा नियमों में खामियां सामने आती हैं।
ताजा मामला दिल्ली के मालवीय नगर इलाके के एक होटल में लगी भीषण आग का है, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई। इससे पहले विवेक विहार में लगी आग में नौ लोगों की जान चली गई थी। इस तरह की घटनाओं ने अवैध निर्माण, प्रशासनिक ढिलाई और कानूनों की अवहेलना की बढ़ती परिपाटी के खतरनाक गठजोड़ को उजागर किया। अग्नि सुरक्षा तंत्र और प्रशासनिक ढांचा कागजों तक सीमित हैं।
मालवीय नगर के जिस होटल में आग लगी, वहां सरकार ने छह कमरों की इजाजत दी थी और 25 कमरे चलाए जा रहे थे। नियमों का खुला उल्लंघन हो रहा था। सवाल यह है कि कानून एवं प्रवर्तन एजेंसियां क्या कर रही थीं?
दिल्ली के शहरी विस्तार ने एक विरोधाभास पैदा कर दिया है। यहां प्रशासन विकेंद्रित है। कई एजेंसियों—दिल्ली दमकल सेवा, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली विकास प्राधिकरण, राज्य सरकार आदि—के बीच कामकाज बंटा हुआ है। जब कोई हादसा होता है, तो एक विभाग दूसरे पर आरोप मढ़ कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। प्रशासनिक गतिरोध के कारण जवाबदेही शून्य हो जाती है।
संकरी गलियां, अनधिकृत निर्माण, एक ही प्रवेश एवं निकास द्वार, और अग्नि अनापत्ति प्रमाणपत्र के बिना काम चलाना आम बात है। सख्त कानूनों के बावजूद, जमीनी स्तर पर भवन निमार्ताओं और अवैध संचालकों में नियमों के पालन का कोई डर नहीं है। कई इमारतें और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाएं, जो अवैध होती हैं, उनमें अक्सर अग्नि सुरक्षा नियम का ध्यान नहीं रखा जाता। अग्नि सुरक्षा को दरकिनार किया जाना भी गंभीर चिंता का विषय है। इस तरह के हादसे प्रशासनिक और नागरिक लापरवाही का जीता-जागता प्रमाण है। सवाल उठता है कि अनियोजित विस्तार की अंधी दौड़ में जान-माल से समझौता कब तक होता रहेगा नगर निकायों से संबंधित नियम शहरी सुरक्षा की रीढ़ होते हैं। आपातकालीन निकास, विद्युत भार क्षमता, निर्धारित दूरी और अग्नि सुरक्षा मार्गों और भवन निर्माण से संबंधित मानदंड दशकों के अनुभव के आधार पर तैयार किए गए हैं। इनका उल्लंघन इमारतों को मौत के जाल में बदल देता है। सुविधा, प्रतिष्ठा या लाभ की लालसा में कानूनों को दरकिनार करने की प्रवृत्ति हादसों को निमंत्रण देती है। कायदे से नियमों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। इन्हें ताक पर रखकर इमारत बनाने वालों और रिश्वत लेकर उन्हें मंजूरी देने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी है। नगर निकायों को नियमों के अनुपालन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुलभ बनाना चाहिए।

# भारी उतार-चढ़ाव के बाद संभला बाजार सेंसेक्स-निफ्टी हरे निशान में बंद



### वैश्विक बाजार और पश्चिम एशिया का तनाव

भारतीय बाजार पर दबाव के मुख्य कारणों में वैश्विक स्तर पर कमजोर रुझान और भू-राजनीतिक तनाव शामिल हैं। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225, शंघाई का एसएसई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक भारी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि अमेरिकी बाजार भी बुधवार को निचले स्तर पर बंद हुए थे।
एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने बताया कि इस्राइल और लेबनान के बीच संघर्ष विराम समझौते के नवीनीकरण से कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन अमेरिका और ईरान के बीच लगातार बनी हुई शत्रुता और ईरानी जवाबी कार्रवाई की रिपोर्टों ने अनिश्चितता को काफी बढ़ा दिया है। इस राजनयिक समाधान की कमी का असर वैश्विक व्यापार प्रवाह और ऊर्जा कीमतों पर पड़ रहा है, जिससे वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.97 फीसदी गिरकर 96.86 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

**नई दिल्ली।** गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की लगातार भारी बिकवाली और पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण सुबह बाजार ने भारी गिरावट के साथ शुरूआत की थी। हालांकि, दिनभर चले अस्थिर कारोबार और निचले स्तरों से आई रिकवरी के बाद प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ लगभग सपाट स्तर पर बंद होने में सफल रहे।

**क्लोजिंग का हाल:** निचले स्तरों से बाजार की रिकवरी दिनभर की उठापटक के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 13.84 अंक या 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 74,360.01 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 10.96 अंक या 0.05 प्रतिशत चढ़कर 23,416.55 के स्तर पर पहुंच गया। डॉलर के मुकाबले रुपया गुरुवार को 7 पैसे गिरकर 95.83 पर बंद हुआ।

**टॉप गेनर्स:** बाजार को संभालने में कुछ चुनिंदा शेयरों ने बड़ी भूमिका निभाई; टाइटन के शेयरों में 4% और इटरनल में 3% की जोरदार तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा, अदाणी पोर्ट्स और टेक महिंद्रा के शेयर भी मुनाफे में रहे। गुरुवार की सुबह बाजार का परिदृश्य काफी कमजोर था। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 229.69 अंक गिरकर 74,139.32 पर और निफ्टी 66.30 अंक फिसलकर 23,339 पर आ गया था।

# बंगाल के समुद्री क्षेत्रों का भी कायाकल्प कर सकते हैं अदाणी सोनोवाल की सीएम से मुलाकात पर नजर

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में समुद्री बुनियादी ढांचा क्षेत्र में नई हलचल। अदाणी पोर्ट्स के प्रबंध निदेशक करण अदाणी की मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद अब केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल भी मुख्यमंत्री से मिलेंगे। ताजपुर बंदरगाह परियोजना के पुनरुद्धार की उम्मीदें बढ़ीं।

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने बुधवार, 3 जून 2026 को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी से मुलाकात की। इस बैठक से राज्य के समुद्री क्षेत्र के पुनरुद्धार की उम्मीदें फिर से जगी हैं। अब केंद्रीय बंदरगाह और जहाजरानी मंत्री सबार्नंद सोनोवाल गुरुवार, 4 जून 2026 को मुख्यमंत्री से मिलने वाले हैं। करण अदाणी, उद्योगपति गौतम अदाणी के पुत्र हैं। उनकी मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद अदाणी समूह की राज्य के समुद्री बुनियादी ढांचा क्षेत्र में रुचि फिर से बढ़ने की अटकलें लगाई



जा रही हैं। अधिकारियों ने हालांकि चर्चा के विवरण का खुलासा नहीं किया।

उद्योग विशेषज्ञों ने बताया कि अदाणी समूह की बंगाल में डेटा केंद्रों, बिजली पारेषण और शहर गैस वितरण सहित कई बुनियादी ढांचा खंडों में पहले से ही उपस्थिति है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन पहले प्रस्तावित ताजपुर गहरे समुद्र बंदरगाह परियोजना के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरा था। हालांकि, पिछली टीएमसी सरकार ने निविदा रद्द कर दी थी और एक नई बोली प्रक्रिया का विकल्प चुना था।

### ताजपुर बंदरगाह परियोजना की उम्मीदें

भाजपा ने अपने 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव घोषणापत्र में पूर्वी मिदनापुर में ताजपुर गहरे समुद्र बंदरगाह के विकास का वादा किया था। उन्होंने दक्षिण 24 परगना में प्रस्तावित कुलपी बंदरगाह के विकास का भी उल्लेख किया था। इन परियोजनाओं को औद्योगीकरण, लॉजिस्टिक्स वृद्धि और रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण बताया गया था। अनुमानित 25,000 करोड़ रुपये की ताजपुर परियोजना को लेकर उम्मीदें सरकार बदलने के बाद बढ़ी हैं। उद्योग हितधारकों को उम्मीद है कि केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय इस उद्यम को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद करेगा।

निविदा और वर्तमान चुनौतियां पश्चिम बंगाल औद्योगिक विकास निगम द्वारा दिसंबर 2025 में जारी नवीनतम वैश्विक निविदा को रद्द कर दिया गया था।

# तमिलनाडु सरकार ने एमएनसी के साथ 18,600 करोड़ का एमओयू किया, 8,200 रोजगार सृजन का अनुमान

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय की मौजूदगी में गुरुवार को राज्य सरकार और लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एलएंडटी) के बीच 18,600 करोड़ रुपये के तीन परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इससे करीब 8,200 लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री विजय ने एलएंडटी अध्यक्ष एसएन सुब्रमण्यन से चर्चा कर निवेश की सराहना की। यह समझौता डेटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और जहाज निर्माण के तीन क्षेत्रों से संबंधित है। कांचीपुरम में डेटा सेंटर



विस्तार में 15,000 करोड़ रुपये लगेंगे, 500 रोजगार सृजित होंगे। कोयंबटूर में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में 2,500 करोड़ रुपये लगेंगे, 2,000 रोजगार सृजित होंगे। कट्टुपल्ली में जहाज निर्माण सुविधा विस्तार में 1,100 करोड़ रुपये लगेंगे, 5,700 रोजगार मिलेंगे। ये परियोजनाएं 2036 तक तमिलनाडु को 1.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक होंगी। यह मुख्यमंत्री विजय के पदभार संभालने के बाद पहला औद्योगिक समझौता है।

# रिकॉर्ड उत्पादन और सरकारी खरीद से मंडियों में टूटा गेहूं का भाव

**नई दिल्ली।** देश में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन और सरकार की बंपर खरीद के चलते मंडियों में कीमतें लगातार गिर रही हैं। बढ़े हुए सरकारी स्टॉक और कमजोर निजी मांग ने बाजार संतुलन बिगाड़ दिया है।

देश में इस साल गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन और उम्मीद से अधिक सरकारी खरीद ने मंडियों का समीकरण पूरी तरह बदल दिया है। सरकार की गेहूं खरीद 2026-27 के रबी विपणन सत्र में 17 फीसदी बढ़कर 3.5 करोड़ टन से अधिक हो गई है। यह 3.45 करोड़ टन के तय लक्ष्य और पिछले वर्ष के तीन करोड़ टन के स्तर दोनों से अधिक है। एक तरफ जहां सरकारी



गोदाम गेहूं से पट रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ मंडियों में बंपर आवक और व्यापारियों की कमजोर दिलचस्पी के कारण गेहूं की कीमतों में लगातार गिरावट देखी जा रही है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि खुली मंडियों में भाव टूटने से किसानों की नकद कमाई प्रभावित होगी, जिससे पहले से ही सुस्त ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर दबाव और ज्यादा बढ़ सकता है।

कटाई के समय (मार्च-अप्रैल) हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण इस साल गेहूं की चमक एवं दानों को नुकसान पहुंचा था। इस वजह से निजी मिलर्स और बड़े व्यापारी खराब गुणवत्ता वाले गेहूं को महंगे दामों पर खरीदने के इच्छुक नहीं दिखे। दूसरी तरफ, कृषि विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस फसल वर्ष (2025-26) में देश में गेहूं उत्पादन बढ़कर 12.06 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले साल के 11.79 करोड़ टन से अधिक है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।
- टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने 'टॉमटाटो' का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- चीन टमाटर का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो साल 2009 में दुनिया के उत्पादन के एक चौथाई हिस्से के लिए जिम्मेदार है।

# 'भारत-अमेरिका साझेदारी सदी की सबसे महत्वपूर्ण', महिंद्रा से मिलकर बोले राजदूत गोर



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने आनंद महिंद्रा से मुलाकात कर महिंद्रा समूह के अमेरिकी निवेशों पर चर्चा की। उन्होंने भारत-अमेरिका साझेदारी को सदी की सबसे महत्वपूर्ण बताया और भारत में अमेरिकी निजी क्षेत्र के बड़े निवेशों का उल्लेख किया। महत्वपूर्ण खनिज ढांचा और द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर भी प्रगति हुई। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने 4 जून को मुंबई में कारोबारी दिग्गज आनंद महिंद्रा से मुलाकात की। उन्होंने महिंद्रा समूह के संयुक्त राज्य अमेरिका में निवेशों पर गहन चर्चा की। राजदूत गोर ने भारत और अमेरिका के बीच की साझेदारी को इस सदी की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक साझेदारी बताया।
बातचीत में रोजगार सृजन और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल थे। गोर ने एक्स पर एक पोस्ट में महिंद्रा समूह के अमेरिकी विनिर्माण को मजबूत करने वाले निवेशों की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों का निजी क्षेत्र भारत में बड़ा निवेश कर रहा है। अमेजन 2030 तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता संचालित डिजिटलीकरण के लिए 35 अरब डॉलर का निवेश करेगा। माइक्रोसॉफ्ट ने 17.5 अरब डॉलर और गूगल ने 15 अरब डॉलर के कृत्रिम बुद्धिमत्ता केंद्र की घोषणा की है। पिछले सप्ताह भारत के साथ महत्वपूर्ण खनिज ढांचा समझौता आधिकारिक तौर पर हस्ताक्षरित हुआ। यह समझौता उन्नत प्रौद्योगिकी और ऊर्जा के लिए आवश्यक मूलभूत तत्वों को विश्वसनीय नेटवर्क के भीतर उपलब्ध कराएगा।

## 05 06 2026 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश




दक्ष राज | शिवानी शर्मा | आरती सूरी | रंजना अग्रवाल | मनीषा खत्री



रामनिवास बंसल (पार्षद) | अभिषेक शर्मा | नरेंद्र राठी | रोहित पहाडी | आशीष चौधरी | दीपक कुमार



धीरज झा | हितेश चौधरी | ईशान जायसवाल | चंदर रावत | कृपा पर्वत | सतबीर सिंह



संजय यादव | विकास त्यागी | यश चौधरी | साजिद नासिर | कृष्णा शर्मा | सतीश कुमार



त्रिलोक रावत | अमित कुमार | सचिन ठाकुर | मयूर गिरधर | प्रवेश | प्रदीप राठौड़

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

## राशिफल

**मेष:** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है।
**वृष:** शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।
**मिथुन:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी।
**कर्क:** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है।
**सिंह:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे।
**कन्या:** आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा।
**तुला:** प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा।
**वृश्चिक:** राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।
**धनु:** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।
**मकर:** राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा।
**कुंभ:** आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।
**मीन:** पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

## चुटकुले

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..!!
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं..
पति- (कोमेन्टरी के अंदाज में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल!!

---

पत्नी - अगर मेरी शादी किसी राक्षस
से हो जाती तो भी
इतना दुखी न होती, जितनी तुम्हारे साथ हूं...
पति- पगली! खून के रिश्तों में कहां शादी होती है...?
फिर क्या पतिदेव की हो गई जोरदार कुटाई...

---

टीचर- मैं तुम्हें भूतकाल, वर्तमान काल और भविष्य
काल का एक उदाहरण देती हूं... दूसरा
उदहारण तुम देना...
चिंटू- जी मैडम...
टीचर- मैं सुंदर थी, सुंदर हूं और सुंदर रहूंगी...
चिंटू- मैडम ये आपका वहम था, वहम है
और हमेशा रहेगा...
दे थप्पड़.....दे थपप्ड़......दे थप्पड़

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# पीएम मोदी और जय शाह को लेकर क्या बोले आईपीएल संस्थापक? अहमदाबाद स्टेडियम तोड़ने को लेकर क्या कहा



**मुंबई।** पूर्व आईपीएल चेयरमैन और क्रिकेट प्रशासक ललित मोदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी तारीफ की और उन्हें क्रिकेट का बड़ा प्रशंसक बताया। उन्होंने कहा कि गुजरात में क्रिकेट के विकास को लेकर प्रधानमंत्री हमेशा गंभीर रहे हैं। इसके अलावा ललित मोदी ने आईसीसी चेयरमैन जय शाह के कामकाज की खुलकर सराहना की है। लंदन में एएनआई को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि जय शाह ने वैश्विक क्रिकेट प्रशासन में भारत की स्थिति को पहले से कहीं अधिक मजबूत बनाया है। जय शाह दिसंबर 2024 में आईसीसी के चेयरमैन बने थे। ललित मोदी का मानना है कि उनकी सबसे बड़ी ताकत नतीजे देने की क्षमता है।

उन्होंने कहा, जहां तक मैं बाहर से देख पा रहा हूं, उनका योगदान शानदार रहा है। किसी व्यक्ति को उसके नतीजों से पहचाना जाता है और जय शाह ने बेहतरीन नतीजे दिए हैं। उन्होंने भारत को आईसीसी के केंद्र में पहुंचा दिया है।'

ललित मोदी ने अपने क्रिकेट प्रशासन के दिनों को याद करते हुए कहा कि एक समय आईसीसी में भारत को इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के मजबूत गुट का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा, 'जब हम आईसीसी में काम करते थे तब हमारे सामने कई चुनौतियां थीं। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया अक्सर एकजुट हो जाते थे। उस समय शरद पवार और मेरे साथ भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका थे। आज स्थिति बदल चुकी है और जय शाह ने इसे आगे बढ़ाने का काम किया है।' उनका मानना है कि भारत ने क्रिकेट की वैश्विक राजनीति में अपनी स्थिति पहले से कहीं अधिक मजबूत कर ली है। ललित मोदी ने भारतीय क्रिकेट की आर्थिक ताकत पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि आज क्रिकेट की दुनिया में सबसे मजबूत व्यावसायिक मॉडल भारत के पास है। उन्होंने कहा, 'आज अगर कोई क्रिकेट का कारोबार सफलतापूर्वक चला रहा है तो वह भारतीय क्रिकेट है। कोई दूसरा बोर्ड उस स्तर पर काम नहीं कर रहा। जब लोग कहते हैं कि क्रिकेट सबसे बड़ा है, तो मैं कहता हूं कि भारतीय क्रिकेट सबसे बड़ा है।' उन्होंने यहां तक सुझाव दिया कि आईसीसी से मिलने वाले राजस्व की चिंता करने के बजाय भारत को बाकी देशों की मदद करनी चाहिए। मोदी ने कहा, 'आईसीसी से मिलने वाला पैसा दूसरों को दे दीजिए। एक आईपीएल मैच उससे ज्यादा कमाई कर देता है। आईपीएल आज भारतीय क्रिकेट की आय का सबसे बड़ा स्रोत बन चुका है।'

ललित मोदी ने पीएम मोदी को लेकर कहा, 'नरेंद्र मोदी क्रिकेट के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। मेरे साथ उनकी ज्यादातर बातचीत अहमदाबाद में क्रिकेट के विकास को लेकर होती थी। वह चाहते थे कि वहां क्रिकेट आगे बढ़े।' हाल ही में ललित मोदी के एक बयान ने काफी चर्चा बटोरी थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर मौका मिले तो वह अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को तोड़कर दोबारा बनाएंगे।

# समन के बावजूद पुलिस की पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए अरुप विश्वास, मांगा दो सप्ताह का समय



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के पूर्व खेल मंत्री अरुप विश्वास ने लियोनेल मेसी के कार्यक्रम के दौरान हुई अव्यवस्था से संबंधित मामले में पुलिस की पूछताछ के लिए पेश होने के बजाय दो सप्ताह का समय मांगा है। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए यह मोहलत मांगी है। यह जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी।

पूर्व मंत्री को पांच जून तक पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था। यह समन कार्यक्रम के आयोजक शत्रुघ्न दत्ता द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर के बाद जारी किया गया था। दत्ता ने पूर्व मंत्री पर पिछले साल के इस हाई-प्रोफाइल फुटबॉल कार्यक्रम के संबंध में टिकटों की कालाबाजारी, जबरन वसूली, आपराधिक धमकी और धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।

तृणमूल कांग्रेस नेता ने अपने स्वास्थ्य का हवाला देते हुए कहा कि वे वर्तमान में समन का जवाब देने की स्थिति में नहीं हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया, हमें उनसे (अरुप विश्वास) चिकित्सा आधार पर अतिरिक्त समय मांगने का आवेदन प्राप्त हुआ है। कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार अनुरोध की जांच की जा रही है। जांच के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शत्रुघ्न दत्ता, जो मेसी के भारत दौरे के मुख्य आयोजक थे उन्होंने 17 मई को बिधाननगर दक्षिण पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने पूर्व खेल मंत्री पर भारतीय न्याय संहिता के विभिन्न प्रावधानों, जिनमें धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी और जबरन वसूली शामिल हैं, के तहत अपराध करने का आरोप लगाया है। दत्ता का आरोप है कि मेसी कार्यक्रम के करीब 22,000 टिकटों की कालाबाजारी हुई थी और उनका दावा है कि विश्वास ने कार्यक्रम के दौरान अनुचित प्रभाव डालने के लिए अपने खेल मंत्री के पद का दुरुपयोग किया। 13 दिसंबर 2025 को साल्ट लेक स्टेडियम में आयोजित यह कार्यक्रम तब अव्यवस्था में तब्दील हो गया था जब कथित तौर पर वैध प्रवेश के बिना बड़ी संख्या में लोग स्टेडियम में घुस गए थे, जिससे सुरक्षा में सेंध और भीड़ का अव्यवस्थित होना जैसी स्थिति उत्पन्न हुई। महंगे टिकट खरीदने वाले कई दर्शकों ने शिकायत की थी कि भीड़भाड़ और कुप्रबंधन के कारण वे न तो मेसी को ठीक से देख पाए और न ही कार्यक्रम का आनंद ले पाए।

### आयोजक की तीखी प्रतिक्रिया

इस घटनाक्रम पर आयोजक शत्रुघ्न दत्ता ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मंत्री जांच में देरी करने की कोशिश कर रहे हैं। दत्ता ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, समन मिलने के बाद अचानक बीमारी? मेडिकल सर्टिफिकेट शायद समय खरीद सकता है, लेकिन यह किसी को न्याय से बचने में मदद नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी दावा किया कि बीमारी का समय संयोग नहीं माना जा सकता।

# पीवी सिंधू का सफर खत्म, दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी आन से यंग ने फिर दी शिकस्त



**नई दिल्ली।** भारत की स्टार शटलर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में लगातार दूसरे सप्ताह एक बड़ा झटका लगा है। गुरुवार को खेले गए महिला एकल के राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में सिंधू को विश्व की नंबर एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की आन से यंग के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा, जिसके साथ ही वह टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी सिंधू को इसी दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी ने मात दी थी।

सिंधू पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी से हार गई थीं। सिंधू ने इंडोनेशिया ओपन के राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया और आखिर में 17-21, 14-21 से हार गईं।

इस हार से सिंधू की ओलंपिक चैंपियन के खिलाफ हार का सिलसिला 10 मैच तक बढ़ गया। भारतीय खिलाड़ी अभी तक आन के खिलाफ एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाई है। पहले गेम के शुरू में दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की। एक समय स्कोर 10-10 पर बराबर था। इस दौरान सिंधू ने अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म की झलक दिखाई और कोरियाई खिलाड़ी पर दबाव बनाने में कामयाब रहीं। सिंधू अपने आक्रामक स्ट्रोकप्ले के दम पर 15-14 से आगे निकल गई, लेकिन आन ने अपने खास अंदाज में जवाब देते हुए लगातार अंक हासिल किए और 19-16 की बढ़त बना ली। इसके बाद कोरियाई खिलाड़ी ने लगातार दो अंक जीते और पहला गेम अपने नाम कर लिया। इस दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच 41 शॉट की रैली भी देखने को मिली। आन ने दूसरे गेम में आक्रामक शुरूआत की और 13-6 की बढ़त हासिल कर ली। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बावजूद प्रत्येक अंक के लिए संघर्ष जारी रखा। उन्होंने इस बीच कुछ महत्वपूर्ण अंक भी हासिल किये। लेकिन आन का कोर्ट कवरेज अच्छा था और उन्हें मैच जीत कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

# श्रीलंका की धमाकेदार शुरूआत!

## पहले वनडे में वेस्टइंडीज को 41 रन से रौंदा



**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका और कप्तान कुसल मेंडिस की बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों और तेज गेंदबाज दुशमंथा चमीरा की धारदार गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में वेस्टइंडीज को 41 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही श्रीलंकाई टीम ने सीरीज में 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त बना ली है। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया था, जो उनके लिए भारी साबित हुआ। निसंका और मेंडिस ने दूसरे विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी की। उनके अलावा चरित असालंका ने 45 और जनिथ लियानागे ने नाबाद 44 रन का योगदान दिया जिससे श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सात विकेट पर 303 रन बनाए।

इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 49.2 ओवर में 262 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से कप्तान शाई होप ने 66 गेंदों में 56 रन और सलामी बल्लेबाज जस्टिन ग्रीव्स ने 38 गेंदों में 45 रन बनाए, लेकिन यह लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं थे। श्रीलंका की तरफ से तेज गेंदबाज दुशमंथा चमीरा ने 67 रन देकर चार विकेट लिए। तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच शनिवार को किंग्स्टन में, जबकि तीसरा मैच सोमवार को सबीना पार्क में ही खेला जाएगा।

# जैस्मीन बनीं विश्व नंबर-1, प्रिया और विश्वनाथ टॉप-3 में, भारतीय मुक्केबाजों का दमदार प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। ताजा वर्ल्ड बॉक्सिंग रैंकिंग में मौजूदा विश्व चैंपियन जैस्मीन लम्बोरिया ने महिला 57 किग्रा वर्ग में दुनिया की नंबर-1 मुक्केबाज बनकर नया मुकाम हासिल किया है। वहीं एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता प्रिया घंघास (60 किग्रा) और विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा) भी अपने-अपने भार वर्ग में शीर्ष-3 में जगह बनाने में सफल रहे हैं। भारतीय मुक्केबाजों का दबदबा रैंकिंग में साफ दिखाई दिया। महिला वर्ग की 10 में से 9 और पुरुष वर्ग की 10 में से 8 भार श्रेणियों में भारत के मुक्केबाज टॉप-10 में शामिल हैं।

महिला वर्ग में मीनाक्षी ने 48 किग्रा वर्ग में अपना विश्व नंबर-1 स्थान बरकरार रखा है। वहीं जैस्मीन लम्बोरिया, जिन्होंने इस साल एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था, एक स्थान की छलांग लगाकर 57 किग्रा वर्ग में दुनिया की नंबर-1 मुक्केबाज बन गई हैं। इसके अलावा प्रीति पवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 54 किग्रा वर्ग में पांच स्थान की छलांग लगाकर तीसरा स्थान हासिल किया है।

विश्व कप पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और नूपुर (+80 किग्रा) अपनी-अपनी श्रेणियों में दूसरे स्थान पर काबिज हैं। हालांकि दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किग्रा) एक स्थान फिसलकर चौथे नंबर पर पहुंच गई हैं। वहीं ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) सातवें स्थान पर बनी हुई हैं।

पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच (60 किग्रा) और नरेंद्र बरवाल (90+ किग्रा) पहली बार टॉप-5 में जगह बनाने में सफल रहे हैं। विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता हितेश गुलिया (70 किग्रा) एक स्थान नीचे खिसककर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि अभिनाश जमवाल (65 किग्रा) आठवें स्थान पर हैं। इसके अलावा आकाश (75 किग्रा) और लोकेश (85 किग्रा) भी टॉप-10 में शामिल हो गए हैं और दोनों आठवें स्थान पर हैं।

# बेरेटिनी की चोट से बड़ा उलटफेर, 104वीं रैंकिंग वाले अर्नाल्डी ने बनाई अंतिम चार में जगह



**इटली।** इटली के खिलाड़ी मैटेओ अर्नाल्डी ने फ्रेंच ओपन 2026 के सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। अर्नाल्डी पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। हिप इंजरी के कारण मैटेओ बेरेटिनी को क्वार्टर फाइनल मुकाबला बीच में ही छोड़ना पड़ा, जिसके चलते अर्नाल्डी को विजेता घोषित किया गया।

मैच के समय अर्नाल्डी 7-5, 5-2 से आगे चल रहे थे। दूसरे सेट में बेरेटिनी की चोट गंभीर हो गई और उन्हें मुकाबले से हटना पड़ा। इस तरह अर्नाल्डी अपने करियर में पहली बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए। आधुनिक युग में विपक्षी खिलाड़ी के रिटायर होने के कारण क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीतने वाले अर्नाल्डी महज दूसरे खिलाड़ी बने हैं।

मुकाबले की शुरूआत बेरेटिनी ने शानदार अंदाज में की थी। उन्होंने शुरूआती तीन गेम में दो बार सर्विस ब्रेक करते हुए 3-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। ऐसा लग रहा था कि अनुभवी खिलाड़ी मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए हुए हैं। हालांकि, अर्नाल्डी ने धैर्य नहीं खोया और धीरे-धीरे मुकाबले में वापसी की। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच लंबी और कड़ी टक्कर देखने को मिली। 76 मिनट तक चले इस सेट में कई रोमांचक रैलियां हुईं। बेरेटिनी ने एक गेम में पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए, लेकिन सेट के अंतिम गेम में वह अपनी सर्विस नहीं बचा सके और अर्नाल्डी ने 7-5 से सेट अपने नाम कर लिया। पहला सेट हारने के बाद बेरेटिनी की परेशानी बढ़ने लगी। दूसरे सेट में 2-1 से पीछे होने पर उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया। कुछ देर इलाज के बाद वे कोर्ट पर लौटे और खेलने की कोशिश की, लेकिन दर्द लगातार बढ़ता गया। आखिरकार उन्होंने मुकाबला छोड़ने का फैसला किया।

मैच के बाद बेरेटिनी ने बताया कि उन्हें पहले सेट के दौरान ही हिप में परेशानी महसूस होने लगी थी। उन्होंने दर्द को नजरअंदाज कर खेल जारी रखने की कोशिश की, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा और उन्हें ज्यादा सर्विस तथा फोरहैंड शॉट लगाने पड़े, दर्द बढ़ता गया। उन्होंने कहा कि उस स्थिति में खेलना बेहद मुश्किल हो गया था।

दूसरी ओर, 25 वर्षीय अर्नाल्डी का शानदार सफर जारी है। विश्व रैंकिंग में 104वें स्थान पर मौजूद अर्नाल्डी इस साल फ्रेंच ओपन के सबसे बड़े सरप्राइज खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे हैं। वह 1997 के बाद फ्रेंच ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाले सबसे कम रैंक वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। इसके अलावा, 1990 के बाद अर्नाल्डी सिर्फ तीसरे ऐसे खिलाड़ी हैं जो टॉप 100 रैंकिंग से बाहर रहते हुए भी सेमीफाइनल का टिकट कटाने में सफल रहे हैं। टूनामेंट में अब तक अर्नाल्डी लगभग 20 घंटे कोर्ट पर बिता चुके हैं, लेकिन उनका कहना है कि उनमें अभी भी काफी ऊर्जा बची हुई है। उन्होंने कहा कि सेमीफाइनल में पहुंचना उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा है और वह इस मौके का पूरा आनंद लेना चाहते हैं।

अब सेमीफाइनल में अर्नाल्डी का सामना अपने ही देश के खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली से होगा। कोबोली ने क्वार्टर फाइनल में फेलिक्स ऑगर को हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। कोबोली और अर्नाल्डी के बीच अब तक एटीपी टूर पर दो मुकाबले हुए हैं और दोनों ने एक-एक मैच जीता है। ऐसे में सेमीफाइनल में इटली के दोनों युवा खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है।

# फीफा विश्व कप इतिहास में गोल करने वाले पांच सबसे उम्रदराज खिलाड़ी, रोनाल्डो का नाम भी है शामिल



**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 का आगाज 11 जून से होने जा रहा है। लियोनल मेसी की अगुआई में अर्जेंटीना इस बार अपने खिताब का बचाव करने उतरेगी। आइए आपको उन पांच खिलाड़ियों के नाम बताते हैं, जिन्होंने सबसे अधिक उम्र में विश्व कप में गोल किए हैं। इस लिस्ट में क्रिस्टियानो रोनाल्डो का नाम भी शामिल है।

**रोजर मिला:** फीफा विश्व कप के इतिहास में सबसे अधिक उम्र में गोल करने का रिकॉर्ड रोजर मिला के नाम है। कैमरून की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम से खेलते हुए रोजर ने 1994 में 42 साल और 39 दिन की उम्र में रूस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में गोल दागा था। हालांकि, इस मैच में कैमरून को रूस के खिलाफ 1-6 से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

**पेपे:** पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी पेपे विश्व कप में गोल करने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी रहे हैं। पेपे ने साल 2022 में कतर में हुए विश्व कप में स्विट्जरलैंड के खिलाफ 39 साल 283 दिन की उम्र में गोल किया था। इस मुकाबले में पुर्तगाल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्विट्जरलैंड को 6-1 से मात दी थी।

**क्रिस्टियानो रोनाल्डो:** फीफा विश्व कप में सबसे ज्यादा उम्र में गोल करने वाले तीसरे खिलाड़ी दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो रहे हैं। रोनाल्डो ने साल 2022 में कतर में खेले गए विश्व कप के दौरान ग्रुप चरण के मैच में घाना के खिलाफ 37 साल 292 दिन की उम्र में गोल किया था। रोनाल्डो का यह गोल निर्णायक साबित हुआ था और पुर्तगाल घाना को 3-2 से हराने में सफल रही थी।

**गुन्नार ग्रेन:** फीफा विश्व कप के इतिहास में सबसे अधिक उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में गुन्नार ग्रेन चौथे नंबर पर हैं। स्वीडन की ओर से खेलते हुए गुन्नार ने 37 साल और 236 दिन की उम्र में पश्चिमी जर्मनी के खिलाफ खेले गए मुकाबले में गोल किया था। इस गोल की बदौलत स्वीडन 3-1 से जीत दर्ज करने में सफल रही थी।

**कुआउतेमोक ब्लैंको:** मेक्सिको के खिलाड़ी कुआउतेमोक ब्लैंको फीफा विश्व कप में गोल करने वाले पांचवें सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। उन्होंने साल 2010 में ग्रुप स्टेज के मुकाबले में फ्रांस के खिलाफ 37 साल और 151 दिन की उम्र में गोल किया था। मेक्सिको ने इस मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फ्रांस को 2-0 से हराया था।

# डस्काटे ने तीसरे स्थान पर अधिक प्रयोग नहीं करने के दिए संकेत, सुदर्शन या पडिक्कल; किसे मिलेगा मौका



**मुंबई।** आईपीएल 2026 के बाद अब भारतीय खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम की प्रतिबद्धता को पूरा करने में लगे हैं। भारत और अफगानिस्तान के बीच छह जून से मुल्लांपुर में टेस्ट मैच होना है। भारत ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इस बीच भारत के लिए एक बार फिर तीसरे स्थान पर किसे भेजना है, ये एक चुनौती है और टीम के सहायक कोच रेयान टेन डस्काटे ने भी स्वीकार किया है कि इस स्थान पर अधिक प्रयोग नहीं करने हैं।

डस्काटे ने स्वीकार किया कि चेतेश्वर पुजारा के संन्यास लेने के बाद टीम ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए कई खिलाड़ियों को आजमाया है और अब समय आ गया है जबकि साई सुदर्शन या देवदत्त पडिक्कल को बल्लेबाजी के इस महत्वपूर्ण स्थान पर लंबी अवधि तक मौका दिया जाए। पुजारा ने 2025 में संन्यास की घोषणा की थी, लेकिन उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम टेस्ट मैच 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के रूप में खेला था। इसके बाद से शुभमन गिल, पडिक्कल, सुदर्शन, करुण नायर और वाशिंगटन सुंदर को इस नंबर पर आजमाया जा चुका है। सुदर्शन ने छह टेस्ट मैच खेले हैं लेकिन वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उनका औसत 27 से थोड़ा अधिक रहा है।

सुदर्शन और पडिक्कल दोनों ने नेट पर जमकर अभ्यास किया है लेकिन डस्काटे ने यह खुलासा नहीं किया कि इनमें से किस को मौका मिलेगा। डस्काटे ने गुरुवार को कहा, तीसरे नंबर पर कई बल्लेबाजों को आजमाया गया है जो आदर्श स्थिति नहीं है। हमें उस नंबर के दावेदारों पर विचार करना चाहिए और किसी एक को लंबे समय तक उस पर बनाए रखना चाहिए।

स्लिप में फील्डिंग पर गौर करने पर भी यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि इनमें से किस खिलाड़ी को चुना जाएगा। पडिक्कल पहले केएल राहुल और कप्तान शुभमन गिल के साथ स्लिप में खड़े नजर आए। राहुल के नेट पर जाने के बाद उनकी जगह सुदर्शन ने स्लिप में कैच का अभ्यास किया। नेट पर अभ्यास के दौरान सुदर्शन का फिर से अपने बल्ले पर नियंत्रण नहीं रहा और वह उनके हाथ से छूटकर पीछे चला गया। आईपीएल में दो बार वह इस तरह से हिटविकेट हो गए थे।

डस्काटे ने कहा, यह बल्लेबाजी क्रम में बेहद मुश्किल लेकिन महत्वपूर्ण स्थान है। पडिक्कल घरेलू क्रिकेट में सभी प्रारूपों में ढेरों रन बनाकर आए हैं और साई ने भी आईपीएल में गुजरात के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। इसलिए दोनों ही अच्छी फॉर्म में हैं। जिस बल्लेबाज को भी इस नंबर के लिए चुना जाएगा, हमें उस पर भरोसा करना होगा।

# 2008 चैंपियंस लीग रद्द करने की कीमत चुकानी पड़ी?: ललित मोदी बोले- मर्डोक मेरे दुश्मन बन गए; सुनाई पूरी कहानी



**नई दिल्ली।** पूर्व आईपीएल कमिश्नर ललित मोदी ने 2008 में चैंपियंस लीग टी20 के रद्द होने को लेकर बड़ा खुलासा किया है। लंदन में एएनआई से बातचीत के दौरान उन्होंने दावा किया कि इस फैसले के बाद वैश्विक मीडिया कारोबारी रूपर्ट मर्डोक उनके दूसरे सबसे बड़े दुश्मन बन गए थे। चैंपियंस लीग का पहला संस्करण तीन से 10 दिसंबर 2008 के बीच आयोजित होना था। हालांकि 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के बाद सुरक्षा कारणों से टूनामेंट को पहले स्थगित किया गया और बाद में पूरी तरह रद्द कर दिया गया। इसके बाद प्रतियोगिता का पहला संस्करण 2009 में आयोजित हुआ।

### 'रूपर्ट मर्डोक मेरे दूसरे सबसे बड़े दुश्मन बन गए'

ललित मोदी ने कहा कि उन्होंने चैंपियंस लीग टी20 के प्रसारण अधिकार रूपर्ट मर्डोक के मीडिया नेटवर्क को बेचे थे। टूनामेंट रद्द होने से भारी वित्तीय नुकसान हुआ, जिससे दोनों पक्षों के संबंध प्रभावित हुए। मोदी ने कहा, 'रूपर्ट मर्डोक मेरे दूसरे सबसे बड़े दुश्मन बन गए थे। क्योंकि मैंने चैंपियंस लीग के अधिकार रूपर्ट मर्डोक को बेचे थे। यह कहानी पहले भी सामने आ चुकी है।'

मोदी का दावा है कि टूनामेंट रद्द होने के बावजूद ब्रॉडकास्टर अनुबंध के तहत भुगतान करने के लिए बाध्य था। उनके अनुसार, जैसे ही टीमें आयोजन स्थल पर पहुंच गई थीं, समझौता प्रभावी हो चुका था। उन्होंने कहा, 'मैंने चैंपियंस लीग (2008) रद्द कर दी थी। उन्हें सैकड़ों मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। लेकिन उन्हें हमें भुगतान करना पड़ा, क्योंकि जैसे ही टीम मैदान पर पहुंचती है, अनुबंध लागू हो जाता है। इसलिए वह कानूनी रूप से प्रभावी था। रूपर्ट ने मेरे जाने के बाद भी मुझ पर अनुबंध रद्द करने का दबाव बनाया। उन्होंने अनुबंध खत्म करने के लिए मुझे सैकड़ों मिलियन डॉलर देने की पेशकश की। मैं वह पैसा ले सकता था और मैंने लिया भी, लेकिन इससे मेरा एक और दुश्मन बन गया।' ललित मोदी ने अपने क्रिकेट प्रशासन के दिनों को याद करते हुए कहा कि समय के साथ उनके खिलाफ कई प्रभावशाली लोग हो गए थे और उनसे लड़ना आसान नहीं था। उन्होंने कहा, 'मेरे खिलाफ कई ताकतवर दुश्मन थे और जब इतने शक्तिशाली लोग आपके खिलाफ हों तो आप ज्यादा लड़ नहीं सकते। ऐसे में आप पीछे हट जाते हैं और चीजों को जाने देते हैं।' ललित मोदी फिलहाल बीसीसीआई द्वारा लगाए गए आजीवन प्रतिबंध का सामना कर रहे हैं। आईपीएल के शुरूआती वर्षों में वित्तीय अनियमितताओं, कदाचार और अनुशासनहीनता के आरोपों के बाद उन पर यह कार्रवाई की गई थी।

### बड़ी उम्मीदों के साथ शुरू हुआ था चैंपियंस लीग

चैंपियंस लीग टी20 को फुटबॉल की यूएफा चैंपियंस लीग की तर्ज पर शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य दुनिया की प्रमुख टी20 फ्रेंचाइजी टीमों को एक मंच पर लाना था। ईएसपीएन और स्टार स्पोर्ट्स ने इसके वैश्विक प्रसारण, मार्केटिंग और व्यावसायिक अधिकार हासिल किए थे। हालांकि भारत के बाहर टूनामेंट को अपेक्षित दर्शक नहीं मिले और लगातार घटती लोकप्रियता के कारण भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 2015 में इसे बंद कर दिया।




# मॉर्निंग वॉक पर निकलने वालों को निशाना बनाने वाला गिरोह पकड़ा, मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे घायल

## सिहानी गेट पुलिस और स्वाट टीम की बड़ी कार्रवाई, लूट का माल गलाने वाला सुनार भी गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सिहानी गेट पुलिस और स्वाट टीम नगर जोन ने मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले लोगों से चेन और मंगलसूत्र लूटने वाले एक सक्रिय गिरोह का पदार्फाश किया है। संयुक्त कार्रवाई के दौरान पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे घायल हो गए, जबकि लूटे गए जेवरातों को गलाकर ठिकाने लगाने वाले एक सुनार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार, कारतूस, गलाया हुआ सोना, नकदी और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि स्वाट टीम नगर जोन और थाना प्रभारी सिहानी गेट कुलदीप दीक्षित की टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि पूर्व में स्नेचिंग और लूट की घटनाओं में शामिल बदमाश



लोहियानगर स्थित हमदर्द ग्राउंड के पास आने वाले हैं। पुलिस ने घेराबंदी की तो तीन संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही वे भागने लगे और पीछा करने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि तीसरे आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, चार जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, गलाया हुआ सोना, 4500 रुपये नकद, सोना काटने के उपकरण और अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ गाजियाबाद समेत आसपास के जनपदों में चोरी, लूट और स्नेचिंग के कई मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं। एसीपी का कहना है कि गिरोह के आपराधिक नेटवर्क और अन्य वारदातों की भी जांच की जा रही है। घायल आरोपियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

### पहले भी लूट में जेल गया है मुख्य आरोपी




**करंट क्राइम :** गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आमिर उर्फ मोमीन निवासी मेरठ, संजय सैनी निवासी मेरठ और मोनू वर्मा के रूप में हुई है। मोनू पेशे से सुनार है और लूटे गए मंगलसूत्र व चेन को गलाकर सोने के टुकड़ों में बदल देता था। पूछताछ में आरोपियों ने सिहानी गेट क्षेत्र के लोहियानगर, गोविंदपुरम और संजयनगर समेत कई इलाकों में महिलाओं से चेन और मंगलसूत्र लूटने की वारदातें कबूल की हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह लूटे गए आभूषणों को सुनार के माध्यम से गलवाकर उनकी पहचान मिटा देता था। आरोपी उसी सोने को बेचने की तैयारी में हमदर्द ग्राउंड पहुंचे थे, जहां पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

# साहिबाबाद पीएनबी एटीएम से चार माह में सात लाख रुपये की चोरी

**साहिबाबाद करंट क्राइम।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में पीएनबी बैंक की एक एटीएम मशीन से शातिरों ने चार महीने में सात लाख रुपये चोरी कर लिए।

शातिरों के रुपये जमा करने वाले हिस्से में कोई उपकरण लगा दिया गया। जिससे रुपये मशीन में नहीं गए। उपभोक्ताओं की शिकायत पर बैंक मैनेजर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच कर रही है। पंजाब नेशनल बैंक साहिबाबाद के मैनेजर नीतिन मोहन ने बताया कि उपभोक्ताओं ने मशीन में रुपये जमा करने पर खाते में अपडेट न होने की शिकायत की। शिकायत पर जांच की गई। जांच में पता चला कि किसी शातिर ने मशीन में कोई



उपकरण लगा दिया है। जिससे रुपये मशीन में न जाकर एटीएम कियोस्क में चले जाते हैं। शातिर कियोस्क खोलकर रुपये निकाल कर ले जाता है। एटीएम बूथ की सीसीटीवी फुटेज चेक की गई। 22 फरवरी और एक से तीन व आठ मार्च की फुटेज में शातिर दिखाई दिया। बैंक प्रबंधन ने बताया कि शातिर ने सात लाख रुपये चोरी कर लिए हैं। चोरी की जानकारी मिलने के बाद बैंक अधिकारियों ने नौ मार्च को एटीएम बंद कर दिया। बैंक मैनेजर ने शातिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी एसीपी अमित सक्सेना ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से आरोपित की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही वारदात का पदार्फाश किया जाएगा।

# दिल्ली अग्निकांड के बाद गाजियाबाद में होटलों पर चला फायर सेफ्टी अभियान

## चार प्रतिष्ठानों में मिली गंभीर खामियां



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक होटल में हुई दर्दनाक अग्नि दुर्घटना के बाद उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग के निर्देश पर गाजियाबाद कमिश्नरेट क्षेत्र में गुरुवार को होटल, गेस्ट हाउस और रेस्टोरेंटों का विशेष अग्नि सुरक्षा निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 23 प्रतिष्ठानों की जांच की गई।

फायर विभाग की टीम ने आरडीसी, इंदिरापुरम, वसुंधरा, लोनी, मोदीनगर और साहिबाबाद क्षेत्र के प्रमुख होटलों एवं गेस्ट हाउसों में अग्निशमन व्यवस्थाओं की कार्यशीलता का परीक्षण किया। जांच के दौरान होटल हवेली (वसुंधरा सेक्टर-3), हल्दीराम (आरडीसी), एडीआर होटल (आरडीसी) और द क्लासिक टावर (आरडीसी) में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं पाई गईं। इन प्रतिष्ठानों के संचालकों एवं प्रबंधकों को तत्काल सभी अग्निशमन प्रणालियों को कार्यशील कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान होटल स्टाफ को आग से बचाव, अग्निशमन उपकरणों के उपयोग तथा उनके नियमित रखरखाव के संबंध में भी प्रशिक्षण एवं आवश्यक जानकारी दी गई। फायर विभाग ने सभी होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को निकास मार्गों को अवरोधमुक्त रखने, अग्निशमन उपकरणों की नियमित जांच कराने, भवनों में ज्वलनशील सामग्री का भंडारण न करने तथा बेसमेंट में कूड़ा-कचरा जमा न होने देने के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत वायरिंग, लोड और अन्य विद्युत उपकरणों का समय-समय पर परीक्षण कराने की सलाह दी गई, ताकि शॉर्ट सर्किट जैसी घटनाओं की संभावना को रोका जा सके। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जीएसटी 2.0 के तहत शॉप्रिक्स मॉल में व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित, कर प्रणाली सरल बनाने पर मंथन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्यमंत्री की प्रेरणा एवं जीएसटी 2.0 के अंतर्गत करदाता जागरूकता व सुगम कर प्रशासन की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से गुरुवार को शॉप्रिक्स मॉल, वैशाली में व्यापारियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खंड-15, खंड-16, खंड-17 एवं खंड-18 के उपायुक्त, सहायक आयुक्त संदीप तथा राज्य कर अधिकारियों ने सहभागिता की। अधिकारियों ने व्यापारियों से प्रत्यक्ष संवाद कर जीएसटी से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी। इसमें समयबद्ध रिटर्न दाखिल करना, ई-वे बिल, इनपुट टैक्स क्रेडिट



डिजिटल अनुपालन तथा कर संबंधी नवीन व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी 2.0 के तहत कर प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी, तकनीक-सक्षम एवं करदाता-अनुकूल बनाया जा रहा है। ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार, प्रक्रियाओं का सरलीकरण, त्वरित शिकायत निस्तारण, बेहतर करदाता सहायता व्यवस्था तथा स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए विभाग प्रयासरत है।

संवाद के दौरान व्यापारियों की समस्याओं और जिज्ञासाओं को गंभीरता से सुना गया और मौके पर ही समाधान व मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर मॉल मैनेजर विक्रम भाटी, योगेश गुप्ता, अभिषेक, आशीष, देवेंद्र समेत कई व्यापारी मौजूद रहे। विभाग ने व्यापारिक समुदाय के साथ आपसी विश्वास, सहयोग और समन्वय को और सुदृढ़ करने पर बल दिया। अधिकारियों ने कहा कि इससे कर प्रशासन अधिक प्रभावी व जनहितकारी बनेगा।

# ग्राम सभा की जमीन पर बना अवैध मदरसा जमींदोज, संचालक पर केस दर्ज

**गाजियाबाद/डासना।** सूर्या हत्याकांड के बाद पुलिस-प्रशासन ने अपराधियों के सत्यापन के साथ ही अवैध निर्माणों पर कार्रवाई तेज कर दी है। इस कड़ी में बुधवार को डासना के कल्लूगढ़ी क्षेत्र में ग्राम सभा की करीब एक हेक्टेयर जमीन पर अवैध रूप से बने मदरसा जामिया अरबिया इशातुल इस्लाम को ध्वस्त कर दिया गया। यह अवैध निर्माण करीब पांच वर्ष पहले किया गया था।

इस मामले में लेखपाल अनुपम मिश्रा की शिकायत पर मसूरी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दिल्ली निवासी मदरसा संचालक फारुख बेग के खिलाफ बीएनएस की धारा 223, अवैध कब्जे से संबंधित धारा 329(3) व 329(4) और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 2 व 3 के तहत कार्रवाई की गई है। इससे पहले मंगलवार को खोड़ा क्षेत्र में दो अवैध मदरसे सील किए गए थे। साथ ही एक पर नोटिस चस्पा किया गया था। कल्लूगढ़ी में करीब 25 करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी भूमि पर चल रहे अवैध मदरसा को हटाने के दौरान पुलिस, पीएसी और आरएएफ के करीब एक हजार जवान तैनात रहे।

# 50 हजार की इनामी महिला पर शिकंजा कोर्ट ने जारी किया उद्घोषणा आदेश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में लंबे समय से फरार चल रही 50 हजार रुपये की इनामी महिला अभियुक्ता के खिलाफ पुलिस और न्यायालय ने कार्रवाई तेज कर दी है। थाना कवि नगर से जुड़े मुकदमा अपराध संख्या 1560/2020 में वांछित सोनिया पत्नी वाजिद खान की गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी हैं, लेकिन आरोपी महिला अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सोनिया का पता मकान संख्या 1888, गली नंबर-2, विशाल विहार, पासोंडा, दिल्ली-लोनी रोड, थाना टीला मोड़, गाजियाबाद दर्ज है। मामले में कई बार गिरफ्तारी के प्रयास किए गए, लेकिन अभियुक्ता फरार बनी रही।

फरारी जारी रहने पर न्यायालय ने अभियुक्ता के विरुद्ध उद्घोषणा (प्रोक्लेमेशन) की कार्रवाई करते हुए आदेश जारी किया है। न्यायालय के आदेश के अनुसार अभियुक्ता को निर्धारित तिथि पर अदालत अथवा पुलिस के समक्ष उपस्थित होना होगा। ऐसा नहीं करने पर उसके खिलाफ आगे की कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना कवि नगर पुलिस ने आमजन से भी सहयोग की अपील



की है। पुलिस का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति को अभियुक्ता के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार और इनामी अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जा रहा है। न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में कार्रवाई करते हुए अभियुक्ता की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। 50 हजार रुपये की इनामी अभियुक्ता की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने जनता से सहयोग मांगा है। अधिकारियों का कहना है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी तथा फरार आरोपी को जल्द कानून के दायरे में लाया जाएगा।

# वैशाली में कूड़ा जलाने से बढ़ रहा प्रदूषण, निवासियों ने की शिकायत

**साहिबाबाद करंट क्राइम।** वैशाली सेक्टर-एक में लिंक रोड पर कूड़ा जलाकर प्रदूषण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां रोजाना कूड़ा डाला जाता है। कूड़े का उठान कई दिन तक नहीं किया जाता है। इससे कूड़े का ढेर लग जाता है। इसके बाद उसमें आग लगा दी जाती है। स्थानीय



निवासी सुनील वेद ने बताया कि कूड़े में आग कौन लगाता है इसका कोई पता नहीं हो सकता। अधिकारियों से काल करते हैं तो वह भी पल्ला झाड़ लेते हैं। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह का कहना है कि कूड़ा जलाने पर नगर निगम को कई बार नोटिस जारी किए गए हैं। वैशाली सेक्टर-एक में मौके पर निरीक्षण कर देखा जाएगा, जो भी जिम्मेदार होगा उसे नोटिस भेजा जाएगा।

# आंधी-तूफान के बाद ग्रेटर नोएडा में जाम विकास प्राधिकरण का विशाल बोर्ड गिरा

**नोएडा (करंट क्राइम)।** तेज आंधी-तूफान और बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई, वहीं दूसरी ओर कई इलाकों में जनजीवन भी प्रभावित हुआ। ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में स्थित एनएच-91 पर लुहारली टोल प्लाजा के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब तेज हवाओं के कारण विकास प्राधिकरण का एक भारी-भरकम सूचना बोर्ड टूटकर सीधे हाईवे पर गिर पड़ा। इस घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कई किलोमीटर तक जाम की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं का दबाव इतना अधिक था कि सड़क किनारे लगा विशाल लोहे का बोर्ड अपनी



जगह से उखड़कर हाईवे पर आ गिरा। बोर्ड गिरने से सड़क पर चल रहे वाहन चालक घबरा गए और वाहनों की रफ्तार अचानक थम गई।

देखते ही देखते हाईवे पर लंबा जाम लग गया। घटना के दौरान एक लग्जरी कार भी बोर्ड की चपेट में आ गई, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। जाम के कारण एक एंबुलेंस भी काफी देर तक फंसी रही, जिससे मरीज को अस्पताल पहुंचाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। हाईवे पर जाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सामान्य कराने के प्रयास शुरू किए।

नोएडा विकास भवन में सरस शॉप का शुभारंभ, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को मिलेगा सशक्त बाजार मंच ये भी पढ़ें नोएडा विकास भवन में सरस शॉप का शुभारंभ, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को मिलेगा सशक्त बाजार मंच

पुलिसकर्मियों के साथ टोल प्लाजा के कर्मचारियों और कुछ यात्रियों ने भी सड़क पर गिरे बोर्ड को हटाने में सहयोग किया। काफी मशक्कत के बाद बोर्ड को सड़क से हटाया गया और धीरे-धीरे वाहनों की आवाजाही सामान्य हो सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज हवाओं के दौरान इस प्रकार के बड़े बोर्ड और होर्डिंग्स लोगों की जान के लिए खतरा बन सकते हैं। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यातायात व्यवस्था को पूरी तरह सामान्य कर दिया गया है।




# पुलिस मीडिया सेल को होना चाहिए थोड़ा अपडेट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तमाम तरीके की सेल है ,जो अपना-अपना काम कर रही हैं। इन्हीं सबके बीच सबसे महत्वपूर्ण सेल मीडिया सेल मानी जाती है लेकिन बीते कुछ दिनों से जिस तरीके से मीडिया सेल की लेटलतीफी और दिन के मामलों की फोटो रात को रिलीज करने का सिलसिला शुरू हुआ है, उससे पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के आलाधिकारियों के कार्यक्रम और अभियान थोड़े हल्के नजर आ रहे हैं। बीते दिनों नंबर दो की पोजीशन वाले साहब ने देहात के अलग-अलग दो प्रमुख इलाकों में बड़े-बड़े कार्यक्रम किए लेकिन दिन के कार्यक्रमों की फोटो देर रात को जारी की जाती हैं। फोटो देर रात जारी होने के साथ ही कई और मामले भी सामने आए हैं। अब बताया जा रहा है कि बीते दिनों जिस तरीके से नदिया पार वाले साहब ने सत्यापन वाला अभियान नदिया पार के प्रमुख थाने से चलाया था। उसमें भी वीडियो




की भरमार थी, फोटो में ना वह क्वालिटी थी ना वह अधिकारी नजर आ रहे थे, जो इसकी कमान संभाले हुए थे। इसके साथ भी कई ऐसे मामले और जानकारियां रही हैं जो चंद लाइनों के प्रेसनोट में सिमट जाती हैं। कुल मिलाकर किसी भी पुलिस कमिश्नरेट और पुलिस सिस्टम को सफल बनाने में उसकी मीडिया सेल का महत्वपूर्ण योगदान होता है। बड़े-बड़े एनकाउंटर और फुल एनकाउंटर के मामलों में भी देरी किसी से छुपी नहीं है। हालांकि नए साहब के आने के बाद काफी कुछ परिवर्तन हुआ था, लेकिन बीते लंबे समय से मीडिया सेल बेहद सुस्त और स्लो चल रही है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों लंबी एसीपी लिस्ट की प्रतीक्षा की जा रही थी, ऐसा हुआ नहीं है। केवल इनकमिंग और आउटगोइंग में दो ही अधिकारी आए और गए हैं जबकि पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में अभी भी कई एसीपी स्तर के अधिकारियों का स्थान बनता हुआ नजर आ रहा है। इन सबके बीच अभी तीन सर्किल खाली हैं और तैनाती दो कि हो रही है। तो देखना होगा जाने वालों में किसका वेट किया जाएगा और किसको रिलीव कर दिया जाएगा। इन सबके बीच चर्चा यह भी है कि जिस तरीके से सिटी वाले एक सर्किल को लेकर मामला थोड़ा ठीक नहीं चल रहा है, वहां का क्या होगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की मीडिया सेल को अपडेट होने के साथ थोड़ा फास्ट होने की जरूरत है, तभी यह पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम की सेल नजर आएगी।

# जीएसटी पंजीयन से बढ़ेंगे व्यापारियों के अवसर

## व्यापारी संवाद कार्यक्रम में पंजीयन, जीएसटी 2.0 और समस्याओं पर चर्चा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राज्य कर विभाग की ओर से गुरुवार को मेजर आत्मा राम त्यागी रोड पर व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में व्यापारियों को जीएसटी पंजीयन, रिटर्न फाइलिंग, जीएसटी 2.0 के नए प्रावधानों तथा विभागीय सुविधाओं की जानकारी दी गई। साथ ही व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिषेक सिंह, उपायुक्त राज्य कर, खंड-05 गाजियाबाद ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से अपील की कि वे अपंजीकृत व्यापारियों को जीएसटी पंजीयन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि पंजीकृत व्यापारियों को बिना किसी प्रीमियम के 10 लाख रुपये का व्यापारी दुर्घटना बीमा मिलता है। इसके अलावा बैंक ऋण लेने और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में भी आसानी होती है।

अरुण सिंह, उपायुक्त राज्य कर, खंड-01 गाजियाबाद ने कहा कि जीएसटी नियम 14ए के तहत अब व्यापारियों को त्वरित पंजीयन की सुविधा मिल रही है। आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध होने पर व्यापार शुरू करने के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ता। उन्होंने बताया कि जीएसटी 2.0 के तहत किए गए सुधारों से व्यापारियों को काफी लाभ मिला है। बैठक में लघु उद्योग व्यापार मंडल वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक पंडित महावीर शर्मा, अध्यक्ष भीम त्यागी, अजय कुमार लोधी, बालकिशन प्रजापति, मनोज कुमार त्यागी, बॉबी गिरी, संजू त्यागी सहित अन्य व्यापारियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। व्यापारियों ने पुनः ब्याज माफी योजना लागू किए जाने की मांग भी उठाई। इस अवसर पर रविकांत, सहायक आयुक्त तथा राज्य कर अधिकारी रवि पाण्डेय सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# खोड़ा से 524 संदिग्ध परिवारों ने किया रातोंरात पलायन



**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट पुलिस ने सूर्या चौहान के हत्यारोपियों की तलाश में खोड़ा क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया तो आठ लाख की आबादी वाले क्षेत्र से लोग मकानों के ताले लगाकर भाग खड़े हुए। क्षेत्र के 75 हिस्ट्रीशीटर और 37 गैंगस्टर परिवार सहित किराये के मकान छोड़कर जिले से रातोंरात गायब हो गए। खुफिया विभाग और पुलिस जांच में सामने आया है कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 1200 अपराधियों के सत्यापन के दौरान 620 घर पर नहीं मिले। इनमें से 524 संदिग्ध परिवारों ने पलायन कर लिया। आपराधिक गतिविधियों से जुड़े 94 परिवार ऐसे हैं, जिन्होंने अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित कर मकान बना लिए हैं। इन मकानों में केवल एक या दो महिलाएं ही सत्यापन के दौरान पुलिस को दिखाई पड़ीं। परिवार के अन्य सदस्यों ने रिश्तेदारी और अन्य जनपदों में पनाह ले रखी है। डीसीपी सिटी और प्रभारी ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल के मुताबिक टीम ने 524 ऐसे घरों की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई है, जिनमें ताले लगे हैं। हालांकि इनमें से अधिकांश किरायेदार थे। मकान मालिकों से बातचीत की तो पता चला कि मकान खाली कर परिवार रातोंरात कहीं चले गए हैं। बताया कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त 94 परिवार ऐसे हैं, जिन्होंने अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित कर मकान बना लिए, ऐसे मकानों में महिलाएं और वृद्ध ही हैं। युवा मकान छोड़कर भाग गए हैं। डीसीपी के मुताबिक खोड़ा क्षेत्र में 75 हिस्ट्रीशीटर और 37 गैंगस्टरों को चिह्नित किया गया है। इनमें से मात्र 42 अपराधियों का ही सत्यापन हो पाया है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया का ये सरल, सहज व्यक्तित्व है जो सभी को सभी के चेहरे पर एक मुस्कान ला देता है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मिलने के लिए क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया उनके आवास पर पहुंचे। विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई और ये व्यक्तित्व का जादू है जब डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने इस मुलाकात के पल को मुस्कुराते हुए इस अंदाज में अपनी फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# कुवैत एयरपोर्ट ड्रोन हमले में भारतीय की मौत

## हमले में कई भारतीय घायल, राजदूत ने अस्पताल पहुंचकर जाना हाल
## भारत ने नागरिक ठिकानों पर हमले की कड़ी निंदा की

**कुवैत सिटी।** कुवैत एयरपोर्ट पर हुए ड्रोन हमले में एक भारतीय की मौत हो गई और कई घायल हुए। भारतीय राजदूत पारमिता त्रिपाठी ने घायलों से मिलकर मदद का आश्वासन दिया। भारत सरकार ने हमले की निंदा करते हुए आम नागरिकों और नागरिक सुविधाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

कुवैत में भारत की राजदूत पारमिता त्रिपाठी ने बुधवार को उन भारतीय नागरिकों से मुलाकात की, जो कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले में घायल हुए हैं। उन्होंने घायल भारतीयों को दूतावास की तरफ से हर संभव सहायता देने का भरोसा दिया। राजदूत कुवैत के सेंट्रल मॉर्चुरी (शवगृह) भी गईं, जहां उस भारतीय नागरिक का पार्थिव शरीर रखा गया है जिसकी इस हमले में जान चली गई।

भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस दौरे की जानकारी साझा की। दूतावास ने बताया कि राजदूत ने क्रिमिनल




एविडेंस विभाग के जनरल मैनेजर ब्रिगेडियर अब्दुल रहीम अल-अवधी से भी मुलाकात की। उन्होंने इस दुखद मामले में कुवैत प्रशासन की तरफ से मिली तुरंत मदद और संवेदनशीलता के लिए उनका आभार जताया।

दूतावास ने जानकारी दी कि वे मृतक भारतीय नागरिक के परिवार के साथ लगातार संपर्क में हैं। शव को जल्द से जल्द भारत भेजने के लिए कुवैत के अधिकारियों के साथ तालमेल बिठाया जा रहा है। राजदूत ने कुवैत के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती घायल भारतीयों का हालचाल जाना। उन्होंने घायलों से बातचीत की और आश्वासन दिया कि दूतावास अस्पतालों और उनके परिवारों के साथ मिलकर स्थिति की निगरानी करता रहेगा। भारत ने की हमले की आलोचना इससे पहले, भारत सरकार ने कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए इस ड्रोन हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच आम लोगों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। भारत ने एक बार फिर सभी पक्षों से ऐसे हमले रोकने की अपील की है। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, कई दुश्मन ड्रोनों ने हवाई अड्डे के टर्मिनल एक को निशाना बनाया। इस हमले से यात्री भवन को भारी नुकसान पहुंचा है और कई लोग घायल हुए हैं। कुवैत रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने इसे ईरानी आक्रामकता बताया। उन्होंने कहा कि कुवैत की सेना पूरी तरह अलर्ट पर है और देश की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं, ईरान ने इस हमले को अमेरिकी के खिलाफ जवाबी कार्रवाई बताया है।

# 'डार ने यूएस से नहीं साझा की ईरान के परमाणु कार्यक्रम की जानकारी', पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने दी सफाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने उन रिपोर्ट्स को पूरी तरह खारिज कर दिया है, जिनमें कहा गया था कि इशाक डार ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी साझा की। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने साफ किया कि ऐसी कोई जानकारी साझा नहीं की गई थी और सभी दावे गलत हैं। पाकिस्तान ने गुरुवार को उन दावों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने हाल ही में वाशिंगटन में हुई मुलाकात के दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी साझा की थी।



### पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?

विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी से उन रिपोर्ट्स के बारे में सवाल किया गया, जिनमें कहा गया था कि 29 मई को हुई बैठक के दौरान डार ने रुबियो को ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी दी थी। अंद्राबी ने कहा कि उप प्रधानमंत्री की ओर से ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी साझा किए जाने की खबरें पूरी तरह गलत हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा, ऐसी कोई जानकारी साझा नहीं की गई थी।

### सीआईए के पूर्व विश्लेषक ने किया था दावा

अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व विश्लेषक लैरी जॉनसन ने एक अज्ञात सूत्र के हवाले से दावा किया था कि डार और रुबियो के बीच हुई बातचीत में यह सामने आया कि ईरान अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाने को तैयार है। उनके अनुसार, इस जानकारी से अमेरिकी विदेश मंत्री चिंतित हो गए थे। डार का वाशिंगटन दौरा रुबियो के भारत दौरे से पहले पहले हुआ था। रुबियो नई दिल्ली में आयोजित क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए थे।

### बैठक के बाद रुबियो ने क्या कहा था?

डार के साथ बैठक के बाद रुबियो ने कहा था कि दोनों पक्षों ने सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सार्थक साझेदारी को और मजबूत करने के महत्व पर सहमति जताई है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों देशों ने व्यापार और निवेश, सुरक्षा तथा आतंकवाद-रोधी सहयोग सहित आपसी हितों के सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

अमेरिका और इस्राइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमले किए थे। बाद में आठ अप्रैल को युद्धविराम होने के बाद संघर्ष रुक गया। इसके बाद से दोनों पक्ष शांति वार्ता के लिए पाकिस्तान के माध्यम से संदेशों का आदान-प्रदान कर रहे हैं। अप्रैल में पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान के बीच पहली सीधी वार्ता की मेजबानी भी की थी। लेकिन दोनों देश किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके।

# पाकिस्तान के भाईजान को भारत ने नहीं दिया भाव, अब संबंध सुधारने की कोशिशें कर रहा तुर्किय

**सिंगापुर।** तुर्किये के विदेश मंत्री हकान फिदान ने भारत से अपील की है कि वह तुर्किये-भारत संबंधों को पाकिस्तान के नजरिए से न देखे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कोई द्विपक्षीय विवाद या नकारात्मक ऐतिहासिक विरासत नहीं है और



सकारात्मक एजेंडे पर आगे बढ़ने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। कश्मीर से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के मामले तक तुर्किये हर मौके पर पाकिस्तान के साथ खड़ा नजर आया है। इसके चलते भारत के साथ तुर्किये के संबंध बिगड़े हैं। हालांकि, तुर्किये के रुख में कोई खास बदलाव नजर नहीं आया है, लेकिन अब वह भारत से संबंधों को सुधारने की कोशिश में जुटा है। तुर्किये ने कहा कि हम इकलौते देश नहीं हैं, जिसके पाकिस्तान के साथ अच्छे और भाईचारे के संबंध हैं, दुनिया में ऐसे संबंधों वाले अन्य देश भी हैं।

सिंगापुर में इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रैटजिक स्टडीज (आईआईएसएस) के कार्यक्रम में बुधवार (तीन जून) को तुर्किये के विदेश मंत्री हकान फिदान ने भारत आग्रह किया कि वे अंकारा और नई दिल्ली के संबंधों को पाकिस्तान को सामने रखते हुए न देखे। वहीं, उन्होंने पाकिस्तान के साथ तुर्किये के संबंधों के बचाव में भी दलीलें दीं।

तुर्किये के विदेश मंत्री की ये दलीलें ऐसे समय में सामने आई हैं, जब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अंकारा की ओर से पाकिस्तान की खुलकर मदद करने की बात जगजाहिर हो चुकी है। तुर्किये ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को आत्मघाती ड्रोन इहा की बड़ी खेप दी थी। इतना ही नहीं, संयुक्त राष्ट्र से लेकर कई सार्वजनिक मंचों पर तुर्किये की ओर से पाकिस्तान की तरह ही कश्मीर राग अलापा गया है।

गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के समर्थन में खुलकर उतरने के बाद भारत के साथ तुर्किये के संबंध ठंडे बस्ते में ही रहे हैं। भारतीय अधिकारियों ने पिछले साल राजधानी में आयोजित तुर्किये के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग नहीं लिया, जिससे अंकारा के प्रति नई दिल्ली की नाराजगी स्पष्ट होती है।

हालांकि, अप्रैल 2026 में दोनों देशों ने 12वीं विदेश कार्यालय परामर्श बैठक (एफओसी) आयोजित की, जिससे संबंधों में संभावित सुधार का संकेत मिला। भारत-तुर्किये के बीच तनाव के चलते नई दिल्ली ने साइप्रस के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। साइप्रस का तुर्किये के साथ 1974 से ही क्षेत्रीय विवाद चला आ रहा है। पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली अंतरराष्ट्रीय यात्रा साइप्रस की थी।

### भारत के संबंधों को सुधारने की दिशा में कदम

हकान फिदान ने इस बात पर जोर दिया कि तुर्किये के पास भारत के साथ अच्छे संबंध रखने की पर्याप्त वजह हैं। फिदान ने कहा कि भारत के साथ तुर्की का कोई भी द्विपक्षीय विवाद नहीं है। भारत के साथ हमारा कोई बुरा इतिहास नहीं है। उन्होंने कहा, "कुछ मुद्दों पर रूस के साथ, कुछ मुद्दों पर अमेरिका के साथ, कुछ मुद्दों पर कुछ यूरोपीय देशों के साथ हमारे मतभेद हैं, लेकिन हम एक नकारात्मक मुद्दे को अलग करके सकारात्मक एजेंडा पर आगे बढ़ सकते हैं। मेरा मानना है कि तुर्किये और भारत के बीच भी यही होना चाहिए।"

# 'हमको ताकत के साथ दुश्मन की साजिश नाकाम करनी होगी' यूएस से तनाव के बीच सामने आया खामेनेई का संदेश

**तेहरान।** इमाम खुमैनी की 37वीं पुण्यतिथि पर ईरान के सर्वोच्च नेता का संदेश पढ़े गया। इस संदेश के माध्यम से कहा गया है कि हमको ताकत के साथ दुश्मन की साजिश नाकाम करनी होगी। इस्लामी क्रांति के सर्वोच्च नेता, मोजतबा खामेनेई के नाम से एक संदेश इमाम खुमैनी के 37वें पुण्यतिथि समारोह के दौरान उनके मकबरे पर पढ़ा गया। यह

### इस्राइल अपने अंतिम चरण में पहुंचा

इस संदेश में इस्राइल के साथ क्षेत्रीय भू-राजनीतिक तनावों का भी साफ जिक्र किया गया था। इसमें कहा गया था, 'अस्थिर जायोनी शासन और इस्राइल का घातक ट्यूमर अपने भयावह जीवनकाल के अंतिम चरण में पहुंच चुके हैं। ईश्वर की कृपा से और दस वर्ष पूर्व शहीद नेता के दृढ़ और दूरदर्शी शब्दों के अनुसार, ईश्वर की इच्छा से वह उस तिथि के बाद 25 वर्ष नहीं देख पाएंगे।' इमाम खुमैनी के मकबरे पर आयोजित समारोह के दौरान, वार्षिक कार्यक्रम के लिए एकत्रित अधिकारियों और प्रतिभागियों की उपस्थिति में यह संदेश पढ़ा गया, जो दिवंगत ईरानी नेता के निधन की याद में आयोजित किया गया था, जिन्हें व्यापक रूप से इस्लामी गणराज्य का संस्थापक माना जाता है।



जानकारी तसनीम समाचार एजेंसी के अनुसार है। तसनीम न्यूज एजेंसी के अनुसार, संदेश के माध्यम से सर्वोच्च नेता ने कहा, ह्यसभी को दृढ़ता, दूरदर्शिता, एकता और आपसी विश्वास को बनाए रखते हुए और शत्रु की बातों का समर्थन न करते हुए शत्रु की साजिश को विफल करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'खुर्दाद के चौदहवें दिन के शहीद नेता ने इसे इमाम खुमैनी (आरए) के साथ राष्ट्र की प्रतिज्ञा के लिए एक वार्षिक अवसर में बदल दिया है।' संदेश में ईरान के क्रांतिकारी नेतृत्व के साथ वैचारिक निरंतरता पर और जोर दिया गया। उन्होंने कहा, 'ईरानी राष्ट्र, अपने नए मिशन के साथ, प्रतिरोध मोर्चे के साथ-साथ स्वतंत्र राष्ट्रों के लिए गौरव का स्रोत बन गया है।' इससे पहले, अमेरिकी अधिकारियों का हवाला देते हुए वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बताया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने निजी तौर पर अपने सहयोगियों से कहा है कि अगर तेहरान अमेरिकी सैनिकों की मौत के लिए जिम्मेदार होता है तो वह ईरान के साथ युद्धविराम समाप्त करने पर विचार करेंगे। समाचार रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति का रुख ईरान के साथ व्यापक सैन्य संघर्ष को फिर से शुरू करने की अनिच्छा को दर्शाता है, भले ही झड़पें जारी हों। अधिकारियों ने सुझाव दिया कि ट्रंप पश्चिम एशिया में व्यापक युद्ध का जोखिम उठाने के बजाय 'कुछ हफ्तों या महीनों तक छोटी-मोटी झड़पों' को बर्दाश्त करने के लिए तैयार हो सकते हैं। इस बीच, अमेरिका और ईरान के बीच चल रही राजनयिक बातचीत में उस समय गंभीर गतिरोध उत्पन्न हो गया।

# 'ऐसे फैसले देशहित के खिलाफ', युद्ध शक्तियां कम करने का समर्थन करने पर डेमोक्रेट्स पर भड़के ट्रंप

**वाशिंटन डीसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि प्रतिनिधि सभा (अमेरिकी संसद का निचला सदन) में हुए मतदान में डेमोक्रेटिक पार्टी और रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सांसदों ने उनकी युद्धकालीन शक्तियों को सीमित करने का समर्थन किया। उन्होंने इसे देश के हितों के खिलाफ बताया और कहा कि यह घटनाक्रम तब हुआ है, जब वह ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए वार्ता के अंतिम चरण में हैं। ट्रंप ने डेमोक्रेट्स पर आरोप लगाया कि वे देश को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने चार रिपब्लिकन सांसदों को 'दिखावा करने वाला' बताया उन्होंने कहा कि ऐसे फैसले उनके अनुसार देशहित के खिलाफ हैं।



अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा, कल एक बेकार मतदान में प्रतिनिधि सभा ने ठीक उसी समय चार खराब रिपब्लिकन और सभी डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर मेरी युद्ध शक्तियों को सीमित करने के लिए वोट किया, जब मैं ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए अंतिम वार्ता कर रहा था। ऐसा देशविरोधी काम कौन करेगा। उन्हें पता है कि वार्ता किस स्थिति में है। डेमोक्रेट्स ट्रंप के खिलाफ अत्यधिक विरोध की भावना से प्रेरित हैं। वे देश को असफल होते देखना पसंद करेंगे, बजाय इसके कि मुझे एक और जीत मिल जाए। वे चार रिपब्लिकन एक अलग कहानी हैं- वे सिर्फ दिखावा करने वाले हैं।

उन्हें खुद पर शर्म आनी चाहिए। अमेरिका में इस साल के अंत में मध्यावधि चुनाव भी होने हैं, जिनमें सीनेट की एक-तिहाई और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की सभी सीटें दांव पर होती हैं। इसके अलावा 50 में से 34 राज्यों में गवर्नर भी मध्यावधि चुनाव के दौरान ही चुने जाते हैं। ऐसे में डेमोक्रेटिक पार्टी लगातार ईरान युद्ध के आर्थिक परिणामों और महंगाई को एक चुनावी संदेश के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। इसे लेकर रिपब्लिकन सांसदों में असहजता की स्थिति बन चुकी हैं। अगर डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उठाए गए मुद्दों पर वोटिंग होती है तो यह रिपब्लिकन पार्टी के लिए बड़ा नुकसान हो सकता है। ऐसे में हालिया प्रस्ताव को लेकर रिपब्लिकन सासंद का समर्थन पार्टी के बाकी सांसदों की चिंताएं भी बढ़ा सकता है।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की तरफ से पारित यह प्रस्ताव तुरंत प्रभाव से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की युद्ध शक्तियों पर लगाम नहीं लगाएगा। इस प्रस्ताव को मुख्य रूप से एक प्रतीकात्मक कदम माना जा रहा है। दरअसल, इसे पूरी तरह लागू होने के लिए दो और पड़ावों से गुजरना होगा। इनमें सीनेट से मंजूरी और खुद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मंजूरी की जरूरत होगी, जो कि एक कठिन राह है।

# जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे राष्ट्रपति ट्रंप
## कैलिफोर्निया में 10 लोगों को बंधक बनाने वाला ढेर

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पुष्टि की है कि वह इस महीने फ्रांस में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह सम्मेलन 15 से 17 जून तक फ्रांस के एवियन-ले-बैंस शहर में आयोजित किया जाएगा। ऐसे समय में यह बैठक हो रही है, जब ईरान को लेकर अमेरिका और उसके पारंपरिक सहयोगी देशों के बीच मतभेद बढ़े हुए हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर अपनी यात्रा की जानकारी साझा की।

उन्होंने कहा कि वह 14 जून को व्हाइट हाउस परिसर में आयोजित होने वाली यूएफसी विश्व चैंपियनशिप फाइट्स देखने के बाद सीधे फ्रांस रवाना होंगे। ट्रंप ने इस आयोजन को अमेरिकी इतिहास की सबसे मनोरंजक रातों में से एक बताया। हाल के दिनों में ट्रंप ने जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे प्रमुख जी-7 देशों की आलोचना की थी। उनका मानना है कि ये देश पश्चिम एशिया में अमेरिका की सैन्य रणनीति का पूरा समर्थन नहीं कर रहे हैं।

इसी कारण शुरूआत में उनके जी-7 सम्मेलन में शामिल होने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी। यह सम्मेलन ट्रंप के लिए खास माना जा रहा है, क्योंकि फरवरी में अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान के खिलाफ संयुक्त सैन्य अभियान शुरू किए जाने के बाद यह पहली बार होगा जब वह कई वैश्विक नेताओं से आमने-सामने मुलाकात करेंगे। जी-7 दुनिया की सात प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं का समूह है, जिसमें अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और ब्रिटेन शामिल हैं। इसके अलावा यूरोपीय संघ भी इसमें भाग लेता है। सम्मेलन में वैश्विक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय संकटों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

# कुत्तें के लिए दो देश आमने-सामने: ब्राजील की थी करेंसी पर छापने की तैयारी, मक्सिको ने कहा- हमारी सांस्कृतिक विरासत

**नई दिल्ली।** दो देशों के बीच विवाद आमतौर पर सीमा, व्यापार या राजनीति को लेकर होते हैं, लेकिन इन दिनों ब्राजील और मैक्सिको के बीच बहस की वजह एक आवारा कुत्ता बन गया है। भूरे रंग के देसी कुत्ते, जिन्हें ब्राजील में कारामेलो कहा जाता है, अब दोनों देशों की सांस्कृतिक पहचान की लड़ाई के केंद्र में हैं। राजिल ने कहा हमारी पहचान ब्राजील में कारामेलो कुत्ते करोड़ों की संख्या में पाए जाते हैं और देश की संस्कृति और जनजीवन का अभिन्न हिस्सा माने जाते हैं। ये कुत्ते मीम्स, टी-शर्ट्स, वायरल गानों और झांकियों में जगह बना चुके हैं। पिछले साल नेटफ्लिक्स पर ह्यकारामेलोह्ल नाम की फिल्म भी रिलीज हुई। हाल ही में ब्राजील की संसद में इन कुत्तों को करेंसी पर छापने का प्रस्ताव भी लाया गया था। मैक्सिको का दावा, ब्राजील में बवाल



विवाद अप्रैल में शुरू हुआ जब मैक्सिको ने ह्यपेरो कारामेलोह्ल को अपनी स्थानीय नस्ल घोषित कर इसे सांस्कृतिक प्रतीक का दर्जा दे दिया। इस घोषणा के बाद ब्राजील में सोशल मीडिया से लेकर अखबारों तक बवाल मच गया। लोग सवाल उठा रहे हैं कि दशकों से ब्राजील की पहचान माने जाने वाले कुत्ते पर मैक्सिको कैसे दावा कर सकता है। कारामेलो कोई शुद्ध नस्ल नहीं हैं। इनमें करीब 300 विदेशी प्रजातियों का मिश्रण है। पुर्तगाली उपनिवेशकों के समय से लेकर इटली, जर्मनी, स्पेन और जापान के प्रवासियों के कुत्तों के मेल से यह अनोखा समूह विकसित हुआ। मिश्रित नस्ल होने के कारण इनमें आनुवंशिक बीमारियों का खतरा भी कम होता है। मैक्सिको के पशु कल्याण कार्यकर्ता दावा करते हैं कि उनके यहां भी ऐसे ही कुत्ते बड़ी संख्या में हैं। उनका कहना है कि दोनों देशों का मौसम और इतिहास समान रहा है, इसलिए यह एक देश की नहीं बल्कि पूरे लैटिन अमेरिका की साझी विरासत है। समस्या कहीं बड़ी है बहस पहचान को लेकर है, लेकिन असली समस्या गंभीर है। ब्राजील में अभी भी 2 करोड़ से ज्यादा आवारा कुत्ते हैं, जिनमें 90 प्रतिशत से अधिक कारामेलो हैं। लोकप्रिय होने के बावजूद लोग गोद लेने के समय विदेशी नस्लों को प्राथमिकता देते हैं।

# इमरान खान की रिहाई को लेकर उनकी ही पार्टी में बगावत
## कई विधायक बोले- बयानबाजी से नहीं आएंगे जेल से बाहर

**पेशावर।** पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी पीटीआई के कई विधायक पार्टी नेतृत्व से नाराज हो गए हैं। उनका आरोप है कि इमरान खान की रिहाई के लिए सिर्फ बयानबाजी की जा रही है और कोई ठोस रणनीति नहीं अपनाई गई है।

पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी पाकिस्तान तारीक-ए-इंसाफ में आंतरिक कलह खुलकर सामने आ गई है। खैबर पख्तूनख्वा के कई नाराज विधायकों ने पार्टी नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए जेल में बंद संस्थापक इमरान खान की रिहाई के लिए प्रभावी प्रयास नहीं करने का आरोप लगाया है।

### विधायकों ने की आपात बैठक

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, हालिया कैबिनेट विस्तार में पद नहीं मिलने से नाराज विधायकों ने पेशावर में एक आपात बैठक की और पार्टी अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली को एक पत्र भेजा। पत्र में कहा गया कि इमरान खान की रिहाई और



उनके स्वास्थ्य को लेकर पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों में गहरी चिंता है।

### पार्टी नेतृत्व पर क्या आरोप लगे?

विधायकों ने आरोप लगाया कि इमरान खान की रिहाई के लिए चलाया जा रहा आंदोलन केवल बयानबाजी, सीमित विरोध प्रदर्शनों और प्रतीकात्मक गतिविधियों तक सिमटकर रह गया है। उन्होंने नेतृत्व से अधिक प्रभावी, संगठित और परिणाम देने वाली नई रणनीति बनाने की मांग की।

### कैबिनेट में जगह नहीं मिलने से विधायक असंतुष्ट

रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 20 विधायक कैबिनेट में जगह नहीं मिलने से असंतुष्ट हैं। इन विधायकों ने मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी द्वारा बुलाई गई संसदीय बैठक का बहिष्कार किया और इसके बजाय रावलपिंडी स्थित अदियाला जेल के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे।वहीं, पार्टी अध्यक्ष बरिस्टर गोहर अली ने फिलहाल इस आंतरिक विरोध पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। बताया जा रहा है कि वे इन दिनों पाकिस्तान-अधिकृत गिलगित-बाल्टिस्तान में पार्टी के चुनाव अभियान में व्यस्त हैं।

### खैबर पख्तूनख्वा सरकार के कामकाज पर उठे सवाल

पत्र में खैबर पख्तूनख्वा सरकार के कामकाज पर भी गंभीर सवाल उठाए गए। विधायकों ने भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, संसाधनों के कथित अनुचित वितरण और निर्वाचित प्रतिनिधियों से बिना सलाह लिए फैसले करने के आरोप लगाए।

उन्होंने प्रशासन में पारदर्शिता, योग्यता आधारित व्यवस्था और संस्थागत अनुशासन लागू करने की मांग की।

### नाराज नेताओं ने क्या मांग की?

नाराज नेताओं ने स्पष्ट किया कि वे इमरान खान की विचारधारा और पार्टी के विजन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं व किसी गुट या व्यक्ति विशेष के एजेंडे का हिस्सा नहीं हैं। साथ ही उन्होंने इमरान खान समेत जेल में बंद पार्टी नेताओं और कार्यकताओं के लिए प्रभावी कानूनी सहायता तथा उनके परिवारों के समर्थन की व्यवस्था करने की भी मांग की।

# स्थानीय चुनाव में 12 प्रांत जीते, फिर भी अधूरी रही खुशी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के स्थानीय चुनावों में राष्ट्रपति ली जे-म्युंग की डेमोक्रेटिक पार्टी ने 16 में से 12 प्रांतों और प्रमुख क्षेत्रों में जीत दर्ज की, लेकिन सबसे अहम सियोल मेयर चुनाव हार गई।

इस वजह से बड़ी चुनावी सफलता के बावजूद पार्टी की जीत पूरी तरह से एकतरफा नहीं मानी जा रही है। दक्षिण कोरिया में बुधवार को हुए स्थानीय चुनावों में राष्ट्रपति ली जे म्युंग की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी ने अधिकांश सीटों पर जीत दर्ज की। लेकिन राजधानी सियोल के मेयर पद की सबसे अहम लड़ाई हार गई। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह परिणाम राष्ट्रपति ली के लिए मिला-जुला संदेश है, क्योंकि उनकी पार्टी ने बड़ी सफलता हासिल की, लेकिन सबसे प्रतिष्ठित चुनावी मुकाबला गंवा दिया।




### डेमोक्रेटिक पार्टी ने 12 पदों पर जीत हासिल की

करीब सभी मतों की गिनती पूरी होने तक डेमोक्रेटिक पार्टी ने 16 में से 12 मेयर और प्रांतीय गवर्नर पदों पर जीत दर्ज की। वहीं मुख्य विपक्षी पीपल पावर पार्टी ने चार सीटें जीतीं, जिनमें सियोल मेयर का पद भी शामिल है। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जंग चुंग-राय ने सियोल में हार को दर्दनाक बताया, हालांकि अन्य क्षेत्रों में मिली जीत के लिए मतदाताओं का आभार जताया।

### चुनाव के दौरान क्या गड़बड़ी हुई?

चुनाव के दौरान सियोल के कुछ मतदान केंद्रों पर मतपत्रों की कमी के कारण मतदान अस्थायी रूप से रोकना पड़ा, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। पीपीपी ने इस घटना को मतदाताओं के अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए जांच के आधार पर दोबारा चुनाव कराने की मांग की, जबकि डेमोक्रेटिक पार्टी ने इसे खारिज कर दिया।

### सबसे चर्चा में किसकी जीत रही?

इस बीच, संसद के उपचुनावों में भी डेमोक्रेटिक पार्टी ने 14 में से नौ सीटें जीतकर अपनी संसदीय बढ़त और मजबूत कर ली। हालांकि सबसे चर्चित जीत पूर्व पीपीपी नेता हान डोंग-हून की रही, जिन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में बुसान से जीत दर्ज की। हान डोंग-हून ने जीत के बाद कहा कि वे दक्षिण कोरिया के रूढ़िवादी खेमे का पुनर्निर्माण करेंगे और सरकार पर लोकतांत्रिक संतुलन बनाए रखने का दबाव बनाए रखेंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि स्थानीय स्तर पर डेमोक्रेटिक पार्टी की बढ़ती पकड़ राष्ट्रपति ली को क्षेत्रीय नीतियों को लागू करने में मदद करेगी, लेकिन सियोल की हार यह संकेत देती है कि विपक्ष अभी भी देश की राजनीति में महत्वपूर्ण ताकत बना हुआ है।

### राष्ट्रपति ली के एक वर्ष पूरे होन के दिन हुआ चुनाव

यह चुनाव राष्ट्रपति ली के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के दिन हुआ। ली को अभी भी 60 प्रतिशत से अधिक जनसमर्थन प्राप्त है। उनकी सरकार को अमेरिका और जापान के साथ संबंधों को संतुलित रखने वाली व्यावहारिक कूटनीति, मजबूत शेयर बाजार और सरकारी फैसलों में पारदर्शिता बढ़ाने के प्रयासों का लाभ मिला है।

हालांकि सियोल मेयर पद पर डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार चोंग वोन-ओ शुरूआती रुझानों में आगे थे, लेकिन मतगणना आगे बढ़ने के साथ मौजूदा मेयर ओह से-हून ने बढ़त बना ली और अंतत: जीत दर्ज की।


**सूचना**

विद्या देवी Vidya Devi देवी और विघा देवी दोनों मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मुझे इन दोनों नाम से जाना व पहचाना जाए।

प्रार्थी
विद्या देवी पत्नी श्री शिवपाल सिंह
निवासी एफ 276, शहीदनगर,
चिकंबरपुर, जिला-गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# नगर निगम मुख्यालय में फायर मॉक ड्रिल

## अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया आग से बचाव का प्रशिक्षण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में अग्नि सुरक्षा को लेकर फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग की टीम ने निगम अधिकारियों और कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में बचाव एवं सुरक्षा उपायों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन द्वितीय अधिकारी गौरव, फायरमैन दारा सिंह और फायरमैन परविंदर ने कर्मचारियों को आग लगने की आपात स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों और त्वरित कार्रवाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विभिन्न अग्निशमन उपकरणों के संचालन का लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया गया।

प्रभारी नजारत डॉ. अनुज ने बताया कि नगर आयुक्त के निदेर्शानुसार आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्बन डाइऑक्साइड एवं एबीसी फायर एक्सटिंग्विशर सहित अन्य अग्निशमन उपकरणों के उपयोग की विधि समझाई गई। कर्मचारियों को सेफ्टी पिन निकालने, उपकरण संचालित करने, आग की दिशा में सही तरीके से निशाना लगाने तथा आग पर प्रभावी नियंत्रण पाने के तरीके सिखाए गए। उन्होंने बताया कि नगर निगम मुख्यालय में पूर्व में दो बार शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसे में भविष्य में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना आवश्यक था। इसी उद्देश्य से निगम परिसर में फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अभियंता (निर्माण) नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, सभी जोनों के जोनल प्रभारी, विभिन्न विभागों के लिपिक, कंप्यूटर ऑपरेटर तथा बड़ी संख्या में निगम कर्मचारी उपस्थित रहे। फायर मॉक ड्रिल के माध्यम से कर्मचारियों को आग से बचाव और आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया।

# कौशांबी में ट्रैफिक समस्या को लेकर प्रतिनिधि मंडल ने एसएसआई से की मुलाकात

## जाम और अवैध पार्किंग हटाने की मांग



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल के नेतृत्व में कौशांबी का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को कौशांबी थाने के सब इंस्पेक्टर से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की यातायात व पार्किंग संबंधी समस्याओं पर ध्यान देने की मांग की। डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि वेव पिक्चर हॉल के पास कुछ लोगों की वजह से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी होती है। उन्होंने मांग की कि जाम का स्थायी समाधान किया जाए।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सोसाइटियों के बाहर रिश्तेदारों व मित्रों से मिलने आने वाले लोगों की गाड़ियों का चालान न काटा जाए। ये वाहन अस्थायी रूप से कुछ देर के लिए खड़े होते हैं। साथ ही श्री राम चौक से होकर यूपी गेट व अन्य स्थानों पर जाने वाले ऑटो को मुख्य मार्ग से भेजने की मांग की गई। कॉलोनी के अंदर से ऑटो निकलने से जाम और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। प्रतिनिधि मंडल ने कौशांबी सेंट्रल पार्क के बाहर खड़े होने वाले ऑटो व कमर्शियल वाहनों को भी हटाने की मांग उठाई। इससे पार्क में आने वाले लोगों को असुविधा होती है। इस अवसर पर समाजसेवी गौरव वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार, कमल गुप्ता, एसके गोयल, नरेंद्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे। एसएसआई ने सभी बिंदुओं पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर हो जाती पूल पार्टी में विधायक जी के अति प्रिय पार्षद पति की एन्ट्री? कहने वाले ने कहा हम लिखकर दे सकते हैं मनोरंजन की होती फुल गारंटी? कहने वाले ने कहा कि हमें तो कारण ही समझ नहीं आया? आखिर आयोजक ने उन वाले पार्षद पति को क्यों नहीं बुलाया? वो आते तो पूल पार्टी का मजा होता कुछ और ही खास? बीन बजाकर सामने वालों को नचाने में वैसे भी है उनके पास हुनर खास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पूल वाली पार्टी से निकल कर क्यों कहा फूल वाले पार्षद ने? जब दूर करनी थी पार्षदों को टेंशन? तो फिर व्यापार मंडल वाले क्या कर रहे थे यहां पर? कहने वाले ने कहा कि समझा करो आयोजक की कुछ परेशानियां? केवल आयोजक ही कहां तक उठाता सारे बोझ? इसलिए प्रायोजक को भी रखना था साथ? वैसे व्यापार मंडल वाले भले व्यक्ति हैं और हमेशा करते हैं सहयोग? आपने तो देखा ही होगा आयोजक की कंजूसी पूरी थी फिर ऊपर आकर बैठा रहे थे कई तरह के योग? जिसको सुनकर हो रहा था प्रायोजक को भी अफसोस?

▸▸ क्यों बोले नदिया वाले पार्षद कि मेरा भी हैं राजनीति में एक सपना? समय चाहे कितना भी लग जाये मगर एक दिन मुझे भी विधायक है बनना? कसाना जी का ये ख्वाब हो पूरा और विधायकी का सपना ना रहे अधूरा? कहने वाले ने कहा कि वैसे तो बिरादरी की यहां जमीन नहीं है? फिर कहा कि सपना देखने में कोई परेशानी नहीं है? अगर उनके अंदर कुछ ज्यादा ही उठ रही है विधायक बनने की आग? तो फिर वो चले जायें क्रान्तिकारी विधानसभा के पास? यहीं से पता चलेगा हौंसला? टिक गये तो पक्का मकान और ना टिके तो मामला समझो घौंसला?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या भगवा त्यागी जी के पैर में लग गई है चोट? वो हमेशा पार्टी के हर कार्यक्रम में पूरी तरह रहते हैं एक्टिव और करते हैं सपोर्ट? कहने वाले ने कहा कि जब से आया है उनके पैर में फैक्चर? तबसे वो नहीं दे पा रहे हैं पार्टी के कार्यक्रम में एक्टिवली दर्शन? कहने वाले ने कहा आप फैक्चर बात कर रहे हो साहब बिना उसके भी उनका आजकल स्लो है प्रदर्शन? जब से एक ही पद पर हुए हैं वो पांचवी बार रिपीट? तब से वो कहां दे रहे हैं किसी को कोई दर्शन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वसुंधरा के सेक्टर-5 में क्या चल रहा था इलैक्शन से जुड़ा कोई इंट्रोडक्शन? क्या नदिया पार वाले झा करा रहे थे वसुंधरा में सब लोगों से भावी दावेदार का परिचय? क्यों वो सब लोगों से कह रहे थे? ये भी हैं भगवा शर्मा जी? फिर वो बताना नहीं भूलते थे ये कर रहे हैं नदियापार से चुनाव की तैयारी? कहने वाले ने कहा इसे कहते हैं किसी को प्रमोट करने की दिल से जिम्मेदारी? वैसे भी भगवा झा से बचके रहना होगा रहने वालों को? सुना है वो आजकल हाथ में लेकर चल रहे हैं आरी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि घूम गया उस समय मंडल अध्यक्ष के पति और पूर्व मंडल अध्यक्ष का खोपड़ा? जब परिचय बैठक में हुआ ये ऐलान? जो अपेक्षित नहीं है वो बाहर चला जाये श्रीमान? कहने वाले ने कहा सुनकर ये आवाज? उठ गये मंडल अध्यक्ष के पति और पूर्व मंडल अध्यक्ष और आ गये बाहर? कहने वाले ने कहा कि उन्हें भी रखना चाहिए था ध्यान? जब नहीं थे अपेक्षित तो बाहर ही रहना चाहिए था श्रीमान? अब ये कमांडर का नहीं योद्धा का दौर चल रहा है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वसुंधरा वाले कार्यक्रम से क्यों गूंज रहा है फूलों के रिपीट होने का सुर? कहने वाले ने कहा कि चीफ गेस्ट का बुके देकर किया जा रहा था स्वागत? कहने वाले ने कहा कि महानगर वालों का पुकारा गया नाम? तब क्या पहले वाले फूल ही फिर से पहुंच गये मुख्यमंत्री के हाथों में? कहने वाले ने कहा कि इस बात का रखना चाहिए था व्यवस्था संभालने वालों को ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा भारद्वाज का अंदाज हो रहा है इन दिनों कुछ ज्यादा ही एक्टिव? सुना है उठा रहे हैं वो बहुत सारी चीजों की अंदर ही अंदर जिम्मेदारी? कहने वाले ने कहा कि वो चाहते हैं पूरी सक्रियता से खेलना अपनी वर्तमान वाली पारी? कहने वाले ने कहा कि वो चल रहे हैं घेर कर कुछ इस तरह से स्पेस कि बाकी को नहीं मिलने देंगे वो कोई जिम्मेदारी? खेल पूरा कर देते हैं वो मुस्कुराहट रखकर प्यारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नामित वाले किस पार्षद ने कर ली है अब कई कार्यक्रमों में चीफ गेस्ट बनने की तैयारी? सुना है उन्होंने आरडब्लूए वालों से लेकर मंदिर वालों से कह दिया है कि तुम सिर्फ मुझे चीफ गेस्ट बनाओ? बाकी की व्यवस्था मेरी जिम्मेदारी? सुना है पार्षद जी ने बना ली है पचास कार्यक्रमों की अभी से लिस्ट? कहने वाले ने कहा ग्रीष्मकालीन शिविर से लेकर योग की कक्षा तक नजर आयेगा ये चीफ गेस्टी का ट्विस्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो चल रहे हैं इन दिनों तवज्जों ना मिलने से नाराज? वो रहें अब स्टे होम के लिए और ज्यादा तैयार? कहने वाले ने कहा कि नाराज वाली लिस्ट में आते हैं लाईन पार से लेकर नदिया पार वालों के नाम? कहने वाले ने कहा कि उन्होंने कर ली है जब सभी से अपनी कुट्टी? तो वो मान कर चलें कि क्षेत्र वाली कार्यकारिणी से लेकर प्रदेश वाली कार्यकारिणी तक में हो गई है उनके नाम की छुट्टी?


**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# साईं उपवन में निर्माण कार्य पर एनजीटी सख्त

## केंद्र व प्रदेश सरकार समेत 8 विभागों को नोटिस

### पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी की याचिका पर सुनवाई, चार सप्ताह में मांगा जवाब

**2 जुलाई को होगी अगली सुनवाई**








**गाजियाबाद , करंट क्रइम :** साईं उपवन में सड़क निर्माण, मिट्टी भराव और अन्य विकास कार्यों को लेकर राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार समेत आठ विभागों को नोटिस जारी किया है। न्यायाधिकरण ने सभी संबंधित अधिकारियों को चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की पीठ पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ ने तर्क दिया कि साईं उपवन गाजियाबाद मास्टर प्लान-2031 के तहत अधिसूचित शहरी वन (अर्बन फॉरेस्ट) है, जिसका उपयोग केवल हरित क्षेत्र और वन संरक्षण के लिए किया जाना चाहिए। याचिका में कहा गया है कि उपवन के भीतर सड़कों और अन्य संरचनाओं का निर्माण तथा मिट्टी भराव का कार्य हजारों पेड़ों वाले हरित क्षेत्र को नुकसान पहुंचा रहा है। इससे न केवल मौजूदा वृक्षों पर खतरा पैदा हुआ है, बल्कि भविष्य में वनीकरण के लिए उपयोगी लगभग 100 एकड़ क्षेत्र भी प्रभावित हो सकता है। अधिवक्ता वशिष्ठ ने एनजीटी को बताया कि यह कार्य राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी), वायु प्रदूषण नियंत्रण संबंधी कानूनों और पर्यावरण मंत्रालय द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों के विपरीत है।

उन्होंने कहा कि देश के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल गाजियाबाद में शहरी वन क्षेत्र को संरक्षित करना बेहद आवश्यक है। मामले में एनजीटी ने पर्यावरण मंत्रालय, जीडीए, नगर निगम, जिला प्रशासन, सीपीसीबी, यूपीपीसीबी और वन विभाग सहित सभी पक्षों से जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 2 जुलाई 2026 को होगी।

## मुलाकात





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रदेश सरकार में मंत्री और गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह गुरूवार को गाजियाबाद आये। वो भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा के आवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राजा वर्मा और उनके परिजनों से मुलाकात की। इसके बाद प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने राजा वर्मा के साथ-साथ पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा से भी मुलाकात की। इस दौरान महामंत्री पंकज भारद्वाज तथा महामंत्री गौरव चौपड़ा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण प्रदर्शन को भड़काने के लिए योगी सरकार के खिलाफ की गई नारेबाजी

## मुख्यमंत्री के खिलाफ लगाए गए योगी सरकार हाय - हाय के नारे वही नेताओं ने उग्र हो अधिकारियों के साथ की हाथापाई



**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी में 6 दिन से लापता डेयरी संचालक ओंकार के परिजनों द्वारा चिरोड़ी में दिए जा रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शन को हवा देकर उग्र करने पहुंचे नेता आपको बता दे कि जहां 6 दिन से मांगेराम के परिजन लगातार अपराधी की गिरफ्तारी की मांग पर डटे हैं वहीं आज कुछ नेताओं द्वारा क्षेत्र का माहौल खराब करने का प्रयास किया गया वह धरने प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए डीसीपी ग्रामीण व पुलिस कर्मियों से हातपाई करने का भी प्रयास किया उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ नारे भी लगाए गए वहीं पुलिस प्रशासन लगातार माहौल को भड़काने वाले नेताओं को समझाता हुआ नजर आया, धरना देने पहुंचे मुखिया गुर्जर सपा नेता, भाजपा नेता अनिल कसाना भाजपा नेता ईश्वर महावीर भाजपा नेता विनोद बंसल समेत अन्य कई नेता भी उनके साथ मौजूद रहे।

# बाल मित्र केंद्र में सेवा बस्ती के बच्चों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित

## साहिबाबाद में गूंजा 'चुप्पी तोड़ : हल्ला बोल' का नारा, बच्चों को सिखाए सुरक्षा के गुर

**अंतरराष्ट्रीय बाल हिंसा विरोधी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, किशोरियों को बांटे गए सेनेटरी नैपकिन**






**गाजियाबाद, करंटक्राइम।** आक्रामकता एवं हिंसा के शिकार मासूम बच्चों के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर साहिबाबाद थाना परिसर स्थित बाल मित्र केंद्र में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'समाधान अभियान' संस्था द्वारा संचालित 'चुप्पी तोड़; हल्ला बोल' परियोजना के तहत, इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवा बस्ती के बच्चों और स्थानीय समुदाय ने भाग लिया।

बाल यौन शोषण के खिलाफ किया जागरूक कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को बाल यौन शोषण (चाइल्ड एब्यूज) से बचाव के तरीकों और सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही, किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता (मेन्स्टुअल हाइजीन) के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। इस अवसर पर किशोरियों के बीच सेनेटरी नैपकिंस का भी वितरण किया गया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रहे मुख्य अतिथि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित न्याय पीठ बाल कल्याण समिति (गाजियाबाद) के अध्यक्ष जी.पी. भद्रदास ने बच्चों को संबोधित करते हुए कानून और सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। वहीं, साहिबाबाद थाने की मिशन शक्ति टीम ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। खेल-खेल में सीखीं सुरक्षा की बातें संस्था द्वारा बच्चों के मनोरंजन के लिए 'हैप्पीनेस गतिविधियों' और जलपान की व्यवस्था की गई थी। बच्चों ने खुशनुमा माहौल में खेल-खेल के माध्यम से आत्मरक्षा और अपने अधिकारों की महत्वपूर्ण जानकारियां सीखीं। यह पूरा कार्यक्रम 'समाधान अभियान' की संस्थापिका श्रीमती अर्चना अग्निहोत्री की अध्यक्षता, प्रबंधक श्रीमती दीपा शर्मा और बाल मित्र केंद्र की सहयोगी टीम के संयोजन में संपन्न हुआ।

अंत में, उपस्थित अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण देने और उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाने के लिए ऐसे अभियान समय की मांग हैं।

# संगीतमयी श्री राम कथा का दूसरा दिन

## व्यास ने सुनाया शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** श्री जगदम्बा मंदिर शिव चौक शालीमार गार्डन में चल रही संगीतमयी श्री राम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित कृष्ण प्रताप तिवारी ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनाया। चित्रकूट धाम से पधारे व्यास जी ने बताया कि दक्ष प्रजापति ने कनखल में यज्ञ आयोजित कर भगवान शिव और माता सती को निमंत्रण नहीं दिया। माता सती के जिद करने पर शिव जी ने उन्हें यज्ञ में भेजा। वहां शिव का अपमान देख माता सती ने यज्ञ कुंड में आहुति दे दी। इससे क्रोधित होकर भगवान शिव ने दक्ष का सिर काटकर दंड दिया और सती के शव को लेकर ब्रह्मांड में विचरण करने लगे। तब भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से माता के शरीर के टुकड़े किए।

जहां-जहां अंग गिरे, वहां शक्तिपीठ स्थापित हुए। व्यास ने आगे बताया कि माता सती ने हिमालय राज के घर पार्वती रूप में जन्म लिया। माता पार्वती ने कठोर तपस्या कर शिव को प्रसन्न किया। भगवान शिव बारात लेकर आए। उनका रौद्र रूप देख माता मैना बेहोश हो गईं। बाद में शिव ने सुंदर रूप धारण कर माता पार्वती से विवाह किया। विवाह के बाद शिव ने पार्वती को राम कथा सुनाते हुए राम जी के अवतार का वर्णन किया।

कथा के प्रसंग में शुक्रवार को भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। आज के यजमान मुकेश शर्मा रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद राजीव भाटी, राज किशन अग्रवाल, नीलेश मित्तल, हरि अग्रवाल, गौ सेवक युग गुर्जर, जेपी शर्मा, राधे श्याम, रतन प्रजापति, सतेंद्र डागर, ओम प्रकाश शर्मा समेत सैकड़ों क्षेत्रवासी मौजूद रहे। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा।

# एसी में धमाके के बाद सूर्यनगर में मची अफरा-तफरी

## बालकनी के रास्ते बाहर निकले लोग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सूर्यनगर स्थित एक बहुमंजिला आवासीय फ्लैट में एयर कंडीशनर (एसी) में हुए विस्फोट के बाद लगी आग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग तेजी से कमरे के भीतर फैलने लगी, जिसके चलते भवन में रहने वाले लोगों ने सुरक्षा के मद्देनजर बालकनी और सीढ़ियों के रास्ते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घटना के दौरान आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि गुरुवार सुबह 10:23 बजे फ्लैट संख्या सी-209, द्वितीय तल, सूर्यनगर में एसी में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। उस समय आग एसी से फैलकर कमरे के अंदर तक पहुंच चुकी थी और घरेलू सामान जल रहा था। अग्निशमन कर्मियों ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए आग पर नियंत्रण पाया और कुछ ही समय में उसे पूरी तरह बुझा दिया। आग से फ्लैट में रखा घरेलू सामान क्षतिग्रस्त हुआ, लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।



फायर विभाग की त्वरित कार्रवाई के कारण आग को अन्य फ्लैटों तक फैलने से रोक लिया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि गर्मी के मौसम में एयर कंडीशनर, कूलर और अन्य विद्युत उपकरणों पर अधिक दबाव पड़ता है। ऐसे में लोगों को समय-समय पर वायरिंग, एमसीबी और एसी की सर्विसिंग करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। फायर विभाग लगातार लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहा है।

# यमुना एक्सप्रेस वे के शुरूआती हिस्से को नो प्रोटेस्ट जोन घोषित, हाईकोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस सख्त






**ग्रेटर नोएडा (करंट क्राइम)।** यमुना एक्सप्रेस वे को लेकर एक बड़ा प्रशासनिक और कानूनी फैसला सामने आया है। पुलिस प्रशासन ने एक्सप्रेस वे के 0 किलोमीटर से 41 किलोमीटर तक के हिस्से को नो प्रोटेस्ट जोन घोषित कर दिया है। यह हिस्सा ग्रेटर नोएडा के परी चौक से शुरू होकर अलीगढ़ बॉर्डर तक जाता है। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के प्रदर्शन, धरना या विरोध-प्रदर्शन पर पूरी तरह रोक रहेगी।

पुलिस के अनुसार यह निर्णय इलाहाबाद हाईकोर्ट के 22 मई को जारी निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है। प्रशासन का कहना है कि इस फैसले का मुख्य उद्देश्य एक्सप्रेस वे पर यातायात को सुचारु बनाए रखना और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नोएडा में कूड़ा हड़ताल से बिगड़ी सफाई व्यवस्था, निवासियों ने स्थायी समाधान की मांग की ये भी पढ़ें नोएडा में कूड़ा हड़ताल से बिगड़ी सफाई व्यवस्था, निवासियों ने स्थायी समाधान की मांग की पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यमुना एक्सप्रेस वे एक अत्यंत व्यस्त हाई-स्पीड कॉरिडोर है, जहां किसी भी तरह के धरना या प्रदर्शन से यातायात बाधित होने के साथ गंभीर दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।

इसी वजह से इस पूरे रूट पर अतिरिक्त निगरानी, पुलिस पेट्रोलिंग और सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**प्रशासन का दावा है कि यह संभवत:** देश का पहला ऐसा एक्सप्रेस वे क्षेत्र है, जहां यातायात सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ह्नो प्रोटेस्ट जोन लागू किया गया है। फिलहाल पुलिस और प्रशासनिक टीमें इस आदेश को सख्ती से लागू कराने के लिए लगातार निगरानी बनाए हुए हैं।